दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-73 सीहोर, सोमवार 04 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणाम आज

## सुबह 8 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती

नई दिल्ली,(ए.)। पांच प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को चुनाव आयोग नतीजों का ऐलान करेगा। तमिलनाडु, असम, केरल, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) जैसे प्रमुख सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के लिए भी अहम होंगे। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती के साथ शुरू होगी, जिसके लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था वाले मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने मतगणना केंद्रों में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए पहली बार ईसीआईएनईटी के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली शुरू की है। पश्चिम बंगाल में 293 विधानसभा सीट के लिए 77 केंद्रों पर मतों की गिनती की जाएगी, जहां इस बार अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना दिवस से पहले राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों ने वोट में हेरफेर की आशंका व्यक्त की है। राज्य में दो चरणों का चुनाव 29 अप्रैल को समाप्त हुआ, जिसमें स्वतंत्रता के बाद से अब तक का सबसे अधिक 92.47 प्रतिशत मतदान हुआ। दक्षिण 24 परगना जिले की फलता सीट पर मतदान के दौरान गड़बड़ी के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया और वहां 21 मई को नए सिरे से चुनाव होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल भाजपा की



कड़ी चुनौती का सामना करते हुए लगातार चौथी बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रही है, वहीं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस 2021 के चुनाव में मिली करारी हार के बाद अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश कर रही हैं। हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जैसी छोटी पार्टियां भी कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

### बंगाल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

चुनाव आयोग ने इस वर्ष मतगणना केंद्रों की संख्या पहले घोषित 87 से घटाकर 77 कर दी है, जबकि 2021 में यह संख्या 108 थी। इसके साथ ही बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी लागू की गई है। चुनाव आयोग ने 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षकों और 77 पुलिस पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। मतगणना केंद्रों पर सख्त नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं, जिनमें रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को छोड़कर सभी के लिए मोबाइल फोन पर प्रतिबंध शामिल है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद कर रहा है। राज्य की 126 विधानसभा सीट से 722 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य को समेटे हुए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन , 35 जिलों के 40 मतगणना केंद्रों पर खोली जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि मतगणना केंद्रों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वाले स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की पच्चीस कंपनियों (प्रत्येक में लगभग 100 जवान) को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सीएपीएफ की दो अतिरिक्त कंपनियों को स्थिर ड्यूटी पर रखा जाएगा, जबकि राज्य सशस्त्र पुलिस की 93 कंपनियों को जिलों में तैनात किया गया है। राज्य में मतदान 9 अप्रैल को हुआ था, जिसमें 85.96 प्रतिशत मतदान हुआ था। केरल में 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में अपने प्रदर्शन से उत्साहित कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ), दो कार्यकालों से सत्ता में रहे वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) को सत्ता से बाहर करने की उम्मीद कर रहा है।

## जबलपुर नाव हादसे में मृतकों की संख्या 13 हुई, आखिरी बचे 2 और शव बरामद



जबलपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। आज सुबह आखिरी लापता 2 और लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इसी के साथ तलाशी अभियान भी खत्म हो गया है। आज तमिलनाडु के रहने वाले कामराज आर और उनके 8 साल के भतीजे मयूरन का शव मिला है। बीती शाम 2 बच्चों के शव मिले थे, जिनकी पहचान श्रीतमिल (5) और विराज (5) के रूप में हुई थी।

हादसे के पहले दिन यानी 30 अप्रैल को 4, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और आज यानी चौथे दिन भी 2 शव मिले हैं। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, नाव पर सवार 41 यात्रियों में से 28 को बचा लिया गया है। बोर्डिंग पॉइंट के पास लगे कैमरे में 43 लोग नाव की ओर जाते हुए दिखाई दिए। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक 41 यात्रियों की पहचान की पुष्टि की है।

30 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे पर्यटकों से भरा एक क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। हादसा किनारे से लगभग 300 मीटर दूर हुआ था। हादसे में कई लापरवाहियां भी सामने आई थीं। तेज हवाओं के बीच क्रूज को नदी में ले जाया गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि बीच नदी में क्रूज तेज हवाओं के चलते डोल रहा था और सवार यात्रियों में से कई ने लाइफ जैकेट भी नहीं पहने थे।

## दहीबड़ा खाना पड़ा महंगा, 27 बच्चों समेत 58 लोगों की हालत बिगड़ी, हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया

जाजपुर (आरएनएस)। ओडिशा के जाजपुर जिले के एक गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक, यहां दहीबड़ा खाने से 58 लोगों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट करवाना पड़ा है। खुद पुलिस ने ये जानकारी दी है।

एक लोकल दहीबड़ा बेचने वाले शख्स के यहां जिन लोगों ने दहीबड़ा खाया, उनमें से 58 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इन 58 लोगों में 27 बच्चे भी शामिल हैं। इन लोगों को दहीबड़ा खाने के बाद उल्टी और बुखार की समस्या हो गई, जिसके बाद इन्हें हॉस्पिटल में एडमिट करवाना पड़ा।पुलिस के मुताबिक, पीड़ितों को दशरथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जाजपुर जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) में एडमिट करवाया गया। घटना पर जाजपुर जिला कलेक्टर अंबर कुमार का बयान भी सामने आया और उन्होंने बताया है कि इलाज के बाद 21 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग को जब इस घटना की जानकारी मिली तो वह भी जाजपुर स्थित हॉस्पिटल पहुंचे और पीड़ितों से बात करके उनका हाल लिया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का ग्वालियर में शुभारंभ

**प्रदेश के 20 हजार से अधिक पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक होंगे शामिल**

**विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित करेंगे स्वीकृति प्रमाण-पत्र**



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभागीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी वितरित करेंगे। मेला ग्राउंड ग्वालियर में होने वाले सम्मेलन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे।दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने और दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्वालियर जिले में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 20 हजार पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, लाभान्वित हितग्राही, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालक शामिल होंगे। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उन्नत पशुपालन को बढ़ावा देने और सहकारिता के माध्यम से पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही मैत्री कार्यकर्ता, उदाहरणीय पशुपालक और क्षीरधारा ग्रामों के सरपंच सहित सहकारी दुग्ध समिति के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अपने अनुभव साझा करेंगे।




पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच, सखावत मेमोरियल गर्ल्स स्कूल स्थित ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर अर्धसैनिक बल पहरा दे रहे हैं।

## तमिलनाडु में वोटों की गिनती के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए : सीईओ पटनायक

चेन्नइ(आरएनएस)। तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने कहा है कि 4 मई को राज्य भर में 62 तय मतगणना स्थलों पर वोटों की गिनती के लिए सभी इंतजाम कर लिए गए हैं, जिसमें एक बड़ा तीन स्तरीय सुरक्षा प्लान भी शामिल है.राज्य में 23 अप्रैल को 234 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए थे. मौजूदा डीएमके सरकार ने सत्ता बनाए रखने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी है, और उसकी कट्टर विरोधी एआईएडीएमके ने पांच साल तक मुख्य विपक्षी पार्टी रहने के बाद सत्ता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है.अभिनेता-राजनेता विजय की टीवीके के चुनावी मैदान में आने से जीत की उम्मीदों के बारे में अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है और नाम तमिलर काची भी चुनाव में एक और फैक्टर है।

## सेना प्रमुख और रक्षा सचिव की सैलरी से कटेंगे 2 लाख रुपए, HC ने रिटायर्ड मेजर के हक में सुनाया फैसला



चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक रिटायर्ड मेजर की डिसेबिलिटी (दिव्यांगता) पेंशन से जुड़े अवमानना मामले में बेहद सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने आदेशों की अनदेखी करने पर सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह पर 2 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जुर्माने की यह रकम इन दोनों शीर्ष अधिकारियों के वेतन (सैलरी) से काटकर सीधे याचिकाकर्ता को दी जाए। यह पूरा मामला पुणे के रहने वाले रिटायर्ड मेजर राजदीप दिनकर पांडेर के हक और सम्मान की लड़ाई से जुड़ा है, जिन्हें देश सेवा के दौरान 24 बार सर्जरी की असहनीय पीड़ा से गुजरना पड़ा था।

लद्दाख की दुर्गम पहाड़ियों में बिगड़ी तबीयत, डैमेज हो गई थीं किडनियां

'द ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, मेजर राजदीप दिनकर पांडेर साल 2012 में पूरी तरह से फिट अवस्था में भारतीय सेना में कमीशन हुए थे। सेना ने उन्हें लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले और चुनौतीपूर्ण इलाके में तैनाती दी थी। लेकिन, देश सेवा के पांच साल बाद ही वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। दिल्ली छावनी में मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होने पर पता चला कि उन्हें 'सिस्टाइटिस सिस्टिका ग्लैंडुलरिस' नामक गंभीर बीमारी हो गई है, जिसमें मूत्राशय में गांठें बन जाती हैं।

## सबीना यास्मीन सहित कई तृणमूल नेताओं को एनआईए का समन

माल्दा,(आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के नतीजों से ठीक पहले मोथाबाड़ी कांड ने नया मोड़ ले लिया है। न्यायिक अधिकारियों के साथ कथित बदसलूकी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तृणमूल कांग्रेस के कई प्रभावशाली नेताओं और कार्यकर्ताओं को तलब किया है। उन्हें रविवार को कालियाचक थाने में पेश होने का निर्देश दिया गया था। समन पाने वालों में सुजापुर की तृणमूल उम्मीदवार सबीना यास्मीन के चुनावी एजेंट अब्दुल रहमान शामिल हैं, जो जिला परिषद में वन एवं भूमि विभाग के कर्माध्यक्ष भी है। इसके अलावा कालियाचक एक ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष मोहम्मद सरिउल को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। शनिवार देर रात इन नेताओं को नोटिस दिया गया।

गौरतलब है कि, पिछले महीने मोथाबाड़ी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया गया था।




## रील बनाने टंकी पर चढ़े 5 बच्चे, एक की मौत; 2 को वायुसेना ने बचाया

सिद्धार्थनगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां रील बनाने के लिए 5 बच्चे 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गए। उतरते हुए सीढ़ी टूट गई और 3 बच्चे नीचे गिर गए, जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 2 बच्चे टंकी पर फंस गए, जिन्हें 16 घंटे बाद वायुसेना ने सुरक्षित निकाला है।यह घटना सिद्धार्थनगर के कांशीराम आवास इलाके की है। शनिवार दोपहर को यहां 5 बच्चे रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। उतरते वक्त 3 बच्चे सीढ़ी पर एक साथ खड़े हो गए, जिससे सीढ़ी टूट गई और तीनों करीब 50 फीट की ऊंचाई से गिर गए। घटना में 13 साल के सिद्धार्थ की मौत हो गई। वहीं, 11 साल के सनी और 14 साल के सोनू को सीने में गंभीर चोट आई है।रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों को उतारने के लिए पहले क्रेन मंगवाई गई, लेकिन टंकी के आसपास दलदल होने की वजह से क्रेन नजदीक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद रातोंरात सड़क बनाने का काम शुरू हुआ, लेकिन 3 बजे बारिश शुरू हो गई, जिस वजह से सड़क भी नहीं बन सकी। इस दौरान जिलाधिकारी (डीएम) शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी अभिषेक महाजन सहित सभी बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।



## *बंगाल की खाड़ी में चीन का जासूसी जहाज शी यान 6 दाखिल*



*नई दिल्ली,(ए.)। जासूसी की अपनी पुरानी फितरत को दोहराते हुए चीन ने एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बीजिंग का अत्याधुनिक रिसर्च वेसल और जासूसी जहाज 'शी यान 6' भारतीय समुद्री सीमा के करीब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में दाखिल हो चुका है। सैटेलाइट इमेजरी और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए नक्शों से इस बात की पुष्टि हुई है कि मालदीव के माले में ईंधन और रसद भरने के बाद यह जहाज अब सीधे भारत के रणनीतिक बैकयार्ड की टोह लेने के मिशन पर निकल पड़ा है।*

## पुणे में बच्ची से दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित



पुणे,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है. इस जघन्य अपराध को लेकर व्यापक पैमाने पर आक्रोश फैल गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा, ''दो महिलाओं सहित छह पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी)गठित की गई है. जांच की प्रगति के आधार पर हम और अधिक अधिकारियों और कर्मियों को शामिल करेंगे. यह टीम मामले की गहन जांच करेगी।पुणे जिले की भोर तहसील के एक गांव में चार साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोप में 65 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है.पुलिस के मुताबिक,आरोपी ने कथित तौर पर शुक्रवार को लड़की को खाने का लालच दिया और उसे एक पशु बाड़े में ले गया, जहां उसने कथित तौर पर बच्ची का यौन उत्पीड़न किया और बाद में पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी।अदालत ने आरोपी को सात मई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है. इस अपराध के खिलाफ पर बड़े पैमाने पर आक्रोश और विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं. प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को मौत की सजा देने की मांग की है.राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)विधायक रोहित पवार, शिवसेना नेता और विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे और भाजपा की राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी सहित विभिन्न दलों के कई नेताओं ने पीड़िता के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की है.इस बीच, बच्ची के पिता ने नेताओं से अपील की कि जब तक आरोपी को फांसी नहीं दे दी जाती, तब तक वे उनसे मिलने न आएं।





# मप्र में बढ़ा वंदे भारत ट्रेन का जाल 5 वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं तो अब 5 और ट्रेनें दौडने को तैयार

भोपाल (ए.)। रेलवे सर्विस के मामले में मध्य प्रदेश के कदम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन भी मध्य प्रदेश से सरपट दौड़ रही हैं। रेलवे की प्लानिंग के अनुसार मध्य प्रदेश के भोपाल व जबलपुर रेलवे स्टेशन से बहुत जल्द 5 वंदे भारत ट्रेनें दौडने को तैयार हैं। इसकी तैयारी रेलवे ने पूरी कर ली है। सब कुछ तय कर लिया गया है केवल हरी झंडी मिलनी बाकी है। इसके अलावा सागर, ओरछा और इंदौर से भी वंदे भारत ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है।दो नई वंदे भारत ट्रेनें (भोपाल-लखनऊ और भोपाल-पटना) शुरू होने वाली हैं। ये ट्रेनें जो 8 कोच वाली हैं। ये ट्रेन स्लीपर से लैस हैं। भोपाल से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत में चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास की सुविधा है। इसके अलावा भोपाल-पटना वंदे भारत स्लीपर कोच वाली अमृत भारत ट्रेन होगी, जिसमें फर्स्ट, सेकंड और थर्ड एसी बर्थ उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही इंदौर-भोपाल-जबलपुर के बीच वंदे भारत स्लीपर चलाने की पूरी तैयारी कर लली गई है। जबलपुर-गोंदिया-चांदा फोर्ट रूट पर भी ट्रेन प्रस्तावित है।अभी मध्य प्रदेश से रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन के अलावा इंदौर-नागपुर, भोपाल-रीवा, खजुराहो-वाराणसी, और खजुराहो-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। ओरछा से अयोध्या सीधी ट्रेन सेवा के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा है। ये भी वंदे भारत ट्रेन होगी। इसके अलावा मध्य प्रदेश में तीन रूट पर वंदे भारत चलाने की घोषणा मुख्यमंत्री मोहन यादव कर चुके हैं। इनमें सागर, बैतूल और शाजापुर शामिल हैं।

**- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब नियमित**

इधर, पश्चिम मध्य रेल के इटारसी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब नियमित रूप से चलेगी। यह साप्ताहिक ट्रेन महाराष्ट्र के लोकमान्य तिलक टर्मिनस को उत्तर प्रदेश के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन को जोड़ती है। इस ट्रेन का ठहराव इटारसी जंक्शन, जबलपुर रेलवे स्टेशन और सतना जंक्शन समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर है। इस ट्रेन में कुल 22 कोच हैं, जिनमें 8 स्लीपर, 11 जनरल, 2 एसएलआरडी और 1 पेंट्रीकार शामिल हैं।

# रेखा यादव बनी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

## – 6 साल बाद महिला आयोग में हुई नियुक्ति

भोपाल (ए.)। मप्र में लंबे इंतजार के बाद राज्य महिला आयोग को नया नेतृत्व मिल गया है। सरकार ने आयोग के पुनर्गठन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रेखा यादव को अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही साधना स्थापक को आयोग का सदस्य बनाया गया है, जिनकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। करीब छह साल के अंतराल के बाद आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति होने से इसे महिला सशक्तिकरण के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है।बता दें रेखा यादव का नाम महिला आयोग के अध्यक्ष के लिए तय हो गया था, लेकिन उनके नाम को लेकर आपत्ति आने के बाद उसे होल्ड कर दिया गया था। अब सरकार ने उनके नाम पर ही मुहर लगा दी है। प्रदेश में इन दिनों निगम, मंडल, आयोग और विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों का दौर तेज है। अब तक करीब दो दर्जन से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जबकि शेष रिक्त पदों को भी भरने की प्रक्रिया लगातार जारी है। महिला आयोग को अध्यक्ष और सदस्य मिलने से प्रदेश में महिलाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई और नीतिगत फैसलों को नई गति मिलेगी। लंबे समय से आयोग में शीर्ष पद खाली होने के कारण कई मामलों में निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। बता दें मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष का पद जनवरी 219 के बाद से स्थायी रूप से नहीं भरा जा सका है। बीच में 22 में कांग्रेस की सरकार बनने पर शोभा ओझा की नियुक्ति की गई, लेकिन शिवराज सरकार आने के बाद उन्होंने आयोग की सभी को हटा दिया। इसके बाद लंबे समय तक मामला कोर्ट में चला।

# अयोध्यानगर जैन मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का सफल आयोजन

भोपाल(ए.)। श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, अयोध्यानगर में 26 अप्रैल से 3 मई 226 तक सात दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर-226 का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। यह शिविर प्रति वर्ष की भांति अयोध्या नगर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें बालक-बालिकाओं के साथ-साथ श्रावक-श्राविकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर का आयोजन दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के पावन मार्गदर्शन में एवं पंकज शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को बालबोध, छहढाला एवं भक्तामर स्तोत्र जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक विषयों पर विशेष कक्षाओं के माध्यम से ज्ञान प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य नन्हे बालक-बालिकाओं को जैन धर्म के सिद्धांतों से जोड़ते हुए उनके जीवन में संस्कार, अनुशासन एवं आत्मिक शांति का विकास करना रहा। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को आत्मसात किया।शिविर के समापन पर दिनांक 3 मई 226 को परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी सीख का प्रदर्शन किया। यह आयोजन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जो धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृति के प्रसार हेतु समर्पित एक प्रमुख केंद्र है। संस्थान प्रतिवर्ष सैकड़ों विद्यार्थियों को धर्म प्रभावना, शास्त्र अध्ययन एवं समाज सेवा की शिक्षा प्रदान करता है। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सुसंस्कृत जीवनशैली के निर्माण हेतु विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जयदीप शास्त्री (वास्तुविद) ने भोपाल शहर शिविर प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों के उज्वल, संस्कारवान एवं धर्ममय भविष्य की मंगल कामना की गई।

# भोपाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने फांसी लगाकर दी जान, लिखा- पति ने दूसरी शादी कर ली

भोपाल (निप) । कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला का शव उसी आंगनबाड़ी केंद्र में फांसी के फंदे से लटका मिला, जहां वह कार्यरत थीं। मौके से पुलिस को दो पेज का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें मृतका ने अपनी मौत के लिए पति को जिम्मेदार ठहराते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव जैन मुनि आचार्य श्री के पावन सान्निध्य में आयोजित भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव में हुए सम्मिलित

## जैन धर्म के जियो और जीने दो के मूल मंत्र और अहिंसा के मार्ग पर दिया विशेष बल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी देवस्थान की प्राण प्रतिष्ठा और संतों का सान्निध्य कई जन्मों के पुण्य के बाद ही प्राप्त होता है। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमर धरोहर बताते हुए कहा कि ईश्वर संतों के माध्यम से ही समाज को मार्ग भटकने से बचाते हैं। उन्होंने जैन धर्म के जियो और जीने दो के मूल मंत्र और अहिंसा के मार्ग पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का प्रत्येक क्षण और व्यवस्था का प्रत्येक कण लोक-कल्याण के लिए सदुपयोग में आना चाहिए। मानवता और जीव मात्र के प्रति करुणा भाव रखना ही हमारी संस्कृति का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में जैन समाज के प्रतिष्ठा महोत्सव एवं लाभार्थी बहुमान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा गच्छाधिपति आचार्यदेव श्रीमद्विजय हितेश्चन्द्रसूरीश्वरजी महाराज साहिब का भावपूर्ण पूजन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने मोहनखेड़ा तीर्थ से अपने आत्मीय और गहरे जुड़ाव को भी साझा किया। उन्होंने रोचक ढंग से उल्लेख किया कि आचार्य श्री ने इस पावन तीर्थ का नाम उनके नाम (मोहन) पर ही रखा है, जो उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अत्यंत आनंद और गौरव का विषय है। उन्होंने मोहनखेड़ा तीर्थ को न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए श्रद्धा एवं आस्था का एक प्रमुख केंद्र बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने सफल आयोजन के लिए समस्त ट्रस्टी परिवार और आयोजन समितियों को बधाई दी और आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। आचार्य श्री हितेश्चन्द्रसूरीश्वरजी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सरल स्वभाव और धर्म के प्रति उनकी अटूट निष्ठा की प्रशंसा की। आचार्य श्री ने कहा कि जब शासन और साधना का समन्वय होता है, तभी राष्ट्र उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार वे जनसेवा के कार्यों में संलग्न हैं, उसी प्रकार धर्म और संस्कृति के संरक्षण में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण है। आचार्य श्री ने प्रतिष्ठा महोत्सव के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे आयोजन आत्मा की शुद्धि और समाज में सद्भावना बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर अडिग रहने और जीव मात्र के प्रति करुणा भाव रखने की प्रेरणा दी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी माह में इंदौर में आयोजित होने वाली ब्रिक्स देशों के कृषि कार्य समूह सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

# मई तक चलती रहेगी दानापुर से सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु के मध्य स्पेशल ट्रेन



भोपाल। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में चल रही स्पेशल ट्रेनों कि अवधि को विस्तारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे से संचालित स्पेशल ट्रेन को दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस के बीच स्पेशल ट्रेन 31-31 फेरे विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गंतव्य को जाती है।

**दानापुर-बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन ( 62 सेवाएं )**

ट्रेन संख्या 03251 दानापुर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 30.04.2026 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 01.05.2026 से 31.05.2026 तक और चलती रहेगी। (31 सेवाएं) ट्रेन संख्या 03252 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 02.05.2026 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 03.05.2026 से 02.06.2026 तक और चलती रहेगी। (31 सेवाएं) रेल यात्री विस्तारित अवधि के स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं रेलवे वेबसाइट ऑनलाइन से भी प्राप्त कर सकते हैं।

# भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस मई माह में 07 ट्रिप निरस्त रहेगी



भोपाल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे जिसका विवरण निम्नानुसार है -

निरस्त की जाने वाली गाड़ियाँ -

1.गाडी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। 2. गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है तथा सहयोग की अपेक्षा करता है। यह कार्य भविष्य में बेहतर संरक्षा, गति एवं परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसुविधा से जुड़ी समस्याओं में कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## श्री तोमर ने उप नगर ग्वालियर के वार्ड 17, 6 और 7 में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को उप नगर ग्वालियर के वार्ड 17, 6 तथा 7 में विभिन्न गली-मोहल्लों की सफाई, सीवर, स्ट्रीट लाइट, कचरा प्रबंधन तथा अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसुविधा से जुड़ी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने हिदायत दी कि सीवर की सफाई, कचरा संग्रहण और सड़कों के रखरखाव के कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाए, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आमजन की सीवर, पानी, बिजली तथा सड़क से सम्बन्धित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्वालियर विधानसभा मेरा परिवार है और परिवार को कोई भी असुविधा न हो मूलभूत सुविधाओ में जो कमी है, उसको तुरंत दुरस्त किया जाए। उन्होंने रविवार की सुबह



6 बजे उप नगर ग्वालियर के वार्ड 17 स्थित विभिन्न गली, मोहल्लों में पेयजलापूर्ति, सीवर सफाई, बिजली व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। उप नगर ग्वालियर के वार्ड 06 स्थित जहाँगीर कटरा,मेवाती मोहल्ला, लधेडी, जगना पुरा, हथियापौर तथा वार्ड 7 के श्रीकृष्ण नगर में भी पहुंचे तथा यहां चल रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में स्थानीय नागरिकों से जानकारी ली। उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें राशन मिल रहा है, पेंशन मिल रही है, आयुष्मान कार्ड बन गया है। इसके जबाव में लोगों अपनी सहमति जताई। उन्होंने बहनों तथा बुजुर्ग माताओं से बातचीत कि और उनसे कुशलक्षेम पूछी।

# नाम मात्र का है स्मार्ट स्टेशन, टिकिट लेने में यात्रियों को हो रही परेशानी

भोपाल (धर्मेन्द्र शर्मा)। राजधानी भोपाल का रानीकमलापति स्टेशन का नाम सुनते ही लोगों के मन में स्मार्टनेश आ जाती है, जहां सुरक्षा, सुविधा व साफ सफाई के बडे बडे दावे किये जाते रहे है लेकिन शनिवार को स्टेशन में भारी भीड होने से सारी व्यवस्थाओं की धज्जियां उडती देखी गई। जहां यात्रा के लिये टिकिट काउंटर की लाईन में लगे लोग अपने आपकों को अव्यवस्थित महसूस करते नजर आये। हालांकि सबसे ज्यादा दिक्कतों महिलाओं को हुई जहां महिलाओं के लिये कोई अतिरिक्त लाईन की व्यवस्था नहीं की गई। जिसके कारण पुरूषों के बीच महिलाओं को खडे होकर टिकिट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा। साथ ही लाईन में भारी दबाव के कारण पुरूष और महिलाओं को सटकर खडा होना पडा जिससे महिलाएं अपने आपको अनसेफ महसूस करती दिखी जो एक स्मार्टस्टेशन होने में सवालिया निशान लगाता है।

# मंत्रालय वल्लभ भवन में हुआ अल्पविराम कार्यक्रम



भोपाल (ए.)। पुलिस कर्मियों को बिना स्ट्रेस के आनंदपूर्वक अपनी सेवा देने के उद्देश्य से मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं की स्वयं से बात में विशेषज्ञों ने कई टिप्स दिए। निजी जीवन और कार्यस्थल पर सरल कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों को निजी जीवन एवं कार्य स्थल पर आनंद के महत्व को बताया गया। जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व को बताया गया सभी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्साह और ऊर्जा के विभिन्न आयामों पर विमर्श किया और कार्य स्थल पर टिप्स को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर मंत्रालय के रजिस्ट्रार मनोज श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अविनाश शर्मा, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर श्रीमती अंजना श्रीवास्तव, मुकेश, अजीत एवं समन्वयक के रूप में आनंद विभाग के मनु दीक्षित भी उपस्थित रहें।

# भोपाल में युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, निकाली प्रतीकात्मक शव यात्रा



भोपाल, (निप) । मध्य प्रदेश के जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में 13 लोगों की मौत के बाद प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस घटना के लिए पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी को जिम्मेदार ठहराते हुए रविवार को राजधानी भोपाल में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली।भोपाल के जवाहर बाल भवन से शुरू हुई इस रैली को पुलिस ने प्रकाश तरण पुष्कर के पास बैरिकेड लगाकर रोकने की कोशिश की। हालांकि, कार्यकर्ता आगे बढ़ने पर अड़े रहे और इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित खत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के नेतृत्व में निकाले गए इस विरोध प्रदर्शन में प्रतीकात्मक रूप से 11 शवों की शव यात्रा निकाली गईं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने इन अर्थियों को बैरिकेड की ओर फेंककर अपना आक्रोश जताया। वहीं, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पहले समझाइश दी, लेकिन जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो हल्का बल प्रयोग कर उन्हें तितर-बितर कर दिया।गौरतलब है कि बाते गुरुवार (30 अप्रैल) को शाम तेज आंधी-तूफान के चलते मप्र टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। क्रूज में करीब 47 पर्यटक सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से शुरुआत दो दिनों में तक चले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान 29 लोगों को बचा लिया गया था, जबकि हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई।

# रानी कमलापति स्टेशन पर करोड़ों का स्कायवॉक बना शोपीस, मेट्रो शुरु हुए चार महीने बीते, फिर भी ताले में कैद है रास्ता




भोपाल(ए.)। कहते हैं कि आधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचा लोगों का सफर आसान बनाने के लिए होता है, लेकिन रानी कमलापति (आरकेएमपी) रेलवे स्टेशन पर स्थिति इसके उलट है। यहां यात्रियों की सहूलियत के लिए लाखों-करोड़ों की लागत से बनाया गया शानदार स्कायवाक आज एक महंगे शोपीस में तब्दील हो चुका है।विडंबना देखिए कि चार महीने से मेट्रो पटरी पर दौड़ रही है, हजारों लोग सफर कर रहे हैं, लेकिन जिस पुल को उनकी राह आसान करनी थी, उसका दरवाजा आज भी ताले में कैद है। यात्रियों का आरोप है कि आलीशान स्टेशनों और चमकती ट्रेनों का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक वे आम आदमी को लास्ट माइल कनेक्टिविटी न दे सकें। यह बंद दरवाजा सिर्फ एक रास्ता नहीं, बल्कि प्रबंधन की कार्यक्षमता पर लगा एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। स्कायवाक का सबसे हैरान करने वाला पहलू इसकी अव्यवस्था है। आरकेएमपी रेलवे स्टेशन की ओर से इसका प्रवेश द्वार खुला रहता है। अनभिज्ञ यात्री इस उम्मीद में भारी-भरकम सामान लेकर पुल पर चढ़ जाते हैं कि वे सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच जाएंगे, लेकिन 70 मीटर पैदल चलने के बाद जब वे मेट्रो स्टेशन के करीब पहुंचते हैं, तो वहां एक मजबूत बंद दरवाजा उनका स्वागत करता है। नतीजा यात्रियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है और फिर ढाई से तीन सौ मीटर का लंबा चक्कर काटकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है।जब इस बंद दरवाजे के बारे में मेट्रो प्रबंधन से सवाल किया, तो रटा-रटाया जवाब मिला - सुरक्षा के लिहाज से रास्ता बंद है। यह तर्क गले नहीं उतरता।

# मध्यप्रदेश में 62 आईपीएस अधिकारी इधर से उधर, गृह विभाग ने जारी किए आदेश

## रवि कुमार को विशेष डीजीपी प्रशिक्षण और पुलिस अकादमी निदेशक का प्रभार सौंपा




भोपाल,(ए)। मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने 62 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है, जिससे राज्य भर में वरिष्ठ रैंक और जिला स्तर पर तैनाती प्रभावित हुई है। ये आदेश शनिवार देर रात जारी हुए। नए आदेश में रवि कुमार गुप्ता को विशेष डीजीपी प्रशिक्षण और भोपाल के भौरी स्थित पुलिस अकादमी के निदेशक का प्रभार सौंपा गया है। राजाबाबू सिंह को एडीजीपी रेलवे नियुक्त किया है। अब डीपी गुप्ता सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई, सार्वजनिक सेवा गारंटी, सहकारी धोखाधड़ी, पुलिस नियमावली, अनुसंधान एवं विकास का जिम्मा संभालेंगे। सोलोमन यश कुमार मिंज को कंप्लेंट सेल, मानवाधिकार और कल्याण लेखा विभाग सौंपा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमित सिंह का तबादला इंदौर रेंज में सशस्त्र बल के डीआईजी के पद पर कर दिया गया है जबकि अवधेश कुमार गोस्वामी को भोपाल स्थित पीएयक्यु में डीआईजी के रूप में तैनात किया गया है। अमित सांघी का तबादला डीआईजी होमगार्ड/एसडीईआरएफ भोपाल के पद पर कर दिया गया है। वीरेंद्र कुमार सिंह नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी बन गए हैं और प्रशांत खरे को पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। मनीष कुमार अग्रवाल पीएयक्यु में डीआईजी के पद पर तैनात किए गए हैं। मनोज कुमार राय, रियाज इकबाल, राहुल कुमार लोढ़ा और सिमाला प्रसाद को भी मुख्यालय में डीआईजी के विभिन्न पदों पर स्थानांतरित किया है। जिला स्तर पर असित यादव का तबादला ग्वालियर रेंज में, विवेक सिंह का शाहडोल रेंज में, शैलेंद्र सिंह चौहान का अतिरिक्त आयुक्त (कानून और व्यवस्था) भोपाल में, कुमार प्रतीक का डीआईजी नारकोटिक्स इंदौर में, शिवदयाल का मुख्यालय में, मयंक अवस्थी का अतिरिक्त आयुक्त इंदौर में और अरविंद तिवारी को कमांडेंट 34वीं बटालियन धार बनाया है।

सूरज कुमार वर्मा को एसपी भिंड, यांगचेन डोलकर भूटिया को एसपी शिवपुरी, गुरुकरण सिंह को एसपी रीवा, दीपक शुक्ला को कमांडेंट 32वीं बटालियन उज्जैन, अमन सिंह राठौड़ को डीसीपी इंदौर, अनुराग सुजानिया को एसपी सागर, सचिन शर्मा को एसपी धार, वाहनी सिंह को एसपी पीटीसी इंदौर, विकास कुमार सहवाल को डीसीपी भोपाल, धर्मराज मीना को एसपी मुरैना, समीर सौरभ को एसएसपी रेडियो भोपाल, रजत सकलेचा को एसपी छतरपुर और अगम जैन को एसपी खंडवा बनाया गया है। मनीष खत्री को एआईजी मुख्यालय, सुनील कुमार मेहता को डीसीपी इंदौर, देवेन्द्र कुमार पाटीदार को एसपी झाबुआ बनाया गया है। रामशरण प्रजापति को एआईजी मुख्यालय, सुंदर सिंह कनेश को एसपी रेल जबलपुर, राजेश व्यास को एसपी नीमच, विनोद कुमार सिंह को कमांडेंट 24वीं बटालियन रतलाम, पंकज कुमार पांडे को एसपी ग्रामीण भोपाल, प्रकाश चंद्र परिहार को एसपी पांढुर्ना, दिलीप कुमार सोनी को एसपी आगर मालवा, राजेंद्र कुमार वर्मा को एसपी ग्रामीण इंदौर, विक्रांत मुराब को एसपी अनूपपुर, सुरेंद्र कुमार जैन को एसपी मऊगंज, आशीष खरे को एसपी डिंडोरी, अंकित जायसवाल को एसपी रेलवे भोपाल में पदस्थ किया गया है। राजेश रघुवंशी को एसपी मंडला, मोतीउर रहमान को कमांडेंट 9वीं बटालियन रीवा, श्रुतकीर्ति सोमवंशी को कमांडेंट 13वीं बटालियन ग्वालियर, मयूर खंडेलवाल को एसपी दतिया, सोनाक्षी सक्सेना को एसपी सीहोर, शियाज केएम को एसपी सिंगरौली, आनंद कलदगी को एसपी दमोह, कृष्णलाल चंदानी को एसपी सिवनी, आयुष गुप्ता को डीसीपी भोपाल, आदर्शकांत शुक्ला को डीसीपी भोपाल, नरेंद्र रावत को डीसीपी इंदौर, अभिषेक रंजन को डीसीपी इंदौर बनाया है।

# ये कैसा लालचः आशा कार्यकर्ता ने दो लाख में बेच दिया, नाबालिग ने 15 साल बाद लौटकर सुनाई रुला देने वाली हकीकत

छिंदवाड़ा (ए.)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। 15 साल पहले लापता हुई बेटी घर लौट आई है। पर उसने उसकी आपबीती जिसे भी सुनाई, उसकी आंखों से आंसू बह निकले। उसने जो बताया वो आपको भी हैरान कर देगा।

छिंदवाड़ा जिले के मानकादेही गांव से सामने आया मामला मानवता को झकझोर देने वाला है। 'मुस्कान अभियान' के तहत पुलिस ने वर्ष 2011 से लापता एक नाबालिग बालिका को खोज निकाला। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गांव की ही आशा कार्यकर्ता ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर किशोरी को दो लाख रुपये में बेच दिया था। 15 साल बाद बेटी के मिलने पर परिजनों की आंखों से खुशी के आंसू बह निकले।

**नौकरी का झांसा, भोपाल से दतिया तक सौदा**

सितंबर 2011 में मानकादेही निवासी महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद



में 2013 में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज हुआ। पीड़िता ने बताया कि 10वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान गांव की आशा कार्यकर्ता रेखा मरकाम उसे नौकरी दिलाने के बहाने भोपाल ले गई और फिर दतिया जिले के बिंडवा बड़काछाई गांव में दो लाख रुपये में माताप्रसाद कुशवाह को बेच दिया।

**बंधक बनाकर रखा, अत्याचार सहती रही पीड़िता**

आरोपी ने पीड़िता को बंधक बनाकर रखा और उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान वह गर्भवती हुई और उसके दो बच्चे हुए। साल 2018 में आरोपी की मृत्यु के बाद पीड़िता अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए गुजरात चली गई, जहां मजदूरी कर जीवन यापन करती रही।

**घर का रास्ता तलाशते लौटी, पुलिस ने संभाला**

हाल ही में पीड़िता अपने गांव का पता पूछते हुए जुन्नारदेव पहुंची, जहां पुलिस ने उसे संरक्षण में लिया। पूछताछ में पूरी कहानी सामने आई। पुलिस ने मामले में धारा 370, 370(क)(ए), 376(2)(n) IPC और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी रेखा मरकाम (48) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## इंदिरा गांधी वार्ड में लगभग 40 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

कटनी (ए.)। शहर के इंदिरा गांधी वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगभग 40 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की कन्याओं एवं वरिष्ठ नागरिक श्री त्रिवेणी परौहा जी के करकमलों से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी तथा एमआईसी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्रवासियों को लंबे समय से अपेक्षित सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की सौगात मिली। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता सहित स्थानीय जनों की मौजूदगी रही।

## बरगी हादसे के बाद बड़ा सवाल : बगैर बीमा के कैसे चल रहा था 20 साल पुराना क्रूज, जवाब में अफसरों की टालमटोल

जबलपुर (ए.)। जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को हुए क्रूज हादसे में 13 लोगों की मौत के बाद बड़ा खुलासा हुआ है कि 20 साल



पुराना यह जलयान बिना वैध बीमा के संचालित किया जा रहा था। यह केंद्र के कानून का सीधा उल्लंघन है। क्रूज के जीवनकाल यानी फिटनेस और उसे जांच के पहले ही तोड़ने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद क्रूज के बीमा को लेकर जिम्मेदार अफसरों के बयान टालमटोल भरे हैं, जिससे प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आई है। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में 13 लोगों की मौत ने पर्यटन विभाग के पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में 4 बच्चे, 8 महिलाएं और 1 पुरुष अपनी जान गंवा चुके हैं। अब इस मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि जिस क्रूज में पर्यटक सवार थे, वह बिना वैध बीमा के संचालित किया जा रहा था। यह भारत सरकार के द इनलैंड वेसल्स एक्ट, 2021 का खुला उल्लंघन हैं। यह आपराधिक कृत्य है।

**क्या है भारत सरकार का कानून**

भारत सरकार के द इनलैंड वेसल्स एक्ट, 2021 के अनुसार, किसी भी यांत्रिक जलयान को अंतर्देशीय जलक्षेत्र में चलाने के लिए अनिवार्य बीमा होना जरूरी है। कानून साफ तौर पर कहता है कि यात्रियों की मृत्यु या चोट की स्थिति में मुआवजा कवर होना चाहिए। संपत्ति के नुकसान की जिम्मेदारी तय हो, संचालन और आकस्मिक प्रदूषण की देनदारी शामिल हो। यह बीमा जलयान की कुल संभावित देनदारी के बराबर होना अनिवार्य है। इन प्रावधानों के बावजूद बरगी में चल रहा क्रूज नियमों की अनदेखी कर चलाया जा रहा था।

**क्रूज का दो साल पहले री-फिट कराया था, पर बड़ा सवाल जांच से पहले ही क्यों तोड़ा**

बरगी डैम क्रूज हादसे में अब तकनीकी पहलुओं को लेकर नए दावे सामने आए हैं। पर्यटन निगम के सलाहकार व पूर्व नौसेना कमांडर राजेंद्र निगम ने बताया कि वर्ष 2024 में क्रूज का मीडियम री—फिट किया गया था, जिस पर करीब 38 लाख खर्च किए गए। इस दौरान क्रूज के शॉफ्ट, हुल, इंजन सहित 17 प्रमुख तकनीकी बदलाव किए गए और क्रूज को करीब 6 महीने सर्विसिंग के बाद फिर से संचालन में लाया गया। बता दें यह क्रूज 2006 में 70 से 80 लाख रुपये में हैदराबाद की कंपनी से खरीदा गया था।

## ग्वालियर में रेबीज का कहरः तीन महीने में सातवीं मौत, युवक ने एंटी-रेबीज की जगह टिटनेस का लगवा लिया था इंजेक्शन




ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर में कुत्ते के काटने के बाद एंटी-रेबीज वैक्सीन न लगवाने से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पिछले तीन महीनों में रेबीज से सात मौतें हो चुकी हैं। विशेषज्ञों ने काटने पर तुरंत वैक्सीन व इलाज जरूरी बताया, क्योंकि यह बीमारी लगभग लाइलाज और जानलेवा होती है।

ग्वालियर के जयारोग्य चिकित्सालय के मेडिसिन विभाग में भर्ती एक युवक की रेबीज से मौत हो गई। मृतक की पहचान माणिक की गोठ राक्सी पुल निवासी 36 वर्षीय राजू कुशवाह के रूप में हुई है, जिन्हें 28 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार राजू को घर के बाहर कुत्ते ने काट लिया था, जब वह उसे खाना खिला रहे थे। उस समय केवल टिटनेस का इंजेक्शन लगवाया गया था, लेकिन एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई गई। करीब 20 दिन बाद उनमें रेबीज के लक्षण दिखाई देने लगे, जिनमें पानी से डरना और पानी न पी पाना शामिल था। हालत बिगड़ने पर उन्हें हजार बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर में अगले पांच वर्षों में होगा 20 हजार करोड़ का निवेश



इंदौर (ए.)। इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का भूमिपूजन रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव के हाथों होने जा रहा है। 20 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में अगले पाँच वर्षों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस इंडस्ट्रियल जोन को बैंकिंग, बीमा, फाइनेंस जैसे अन्य सेक्टरों के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए पहले चरण में दो हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है, जिसमें से 327 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

कॉरिडोर के जरिए आईटी, लॉजिस्टिक्स, फिनटेक, एरोसिटी और ग्रीन इंडस्ट्री जैसे सेक्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस कॉरिडोर से एक लाख से अधिक रोजगार मिलने की संभावना है।

इंदौर के नैनोद से पीथमपुर के बीच बनने वाले इस कॉरिडोर की एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सरकार की कोशिश है कि यहां परंपरागत उद्योगों के बजाय ऐसे उद्योग विकसित हों, जो भारी मशीनों पर निर्भर न हों। इसी कारण डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर जैसी उन्नत इंडस्ट्री के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं।

इस कॉरिडोर के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसानों से जमीन अधिग्रहण की है। लगभग 60 प्रतिशत किसान अपनी जमीन देने के लिए तैयार नहीं हुए हैं। 60 से 70 मीटर चौड़ाई में इस कॉरिडोर को विकसित किया जाएगा, जिससे इंदौर से पीथमपुर के बीच की दूरी 10 किलोमीटर तक कम हो जाएगी और आवागमन भी आसान होगा।

## *नाले की खुदाई में मिला 300 किलो लाहन अवैध शराब*

*गुना (ए.) । जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में हुई दबिश के दौरान तस्करों के हैरान करने वाले तरीके सामने आए। कहीं नाले के किनारे जमीन में कैनों को गाड़कर लाहन और शराब छिपाई गई थी, तो कहीं बोरी-कट्टों में पानी पाउच की तरह शराब भरकर झोपड़ियों में छुपाकर रखी गई थी। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी टीम ने ग्राम बोरखेड़ा चक और बेरखेड़ी में छापामार कार्रवाई की। आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया के नेतृत्व में टीम ने जब तलाशी ली तो बोरखेड़ा में 6 प्लास्टिक ड्रमों में भरा करीब 300 किलोग्राम लाहन बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।*

# खेल समाचार

## आईपीएल 2026ः रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जड़ा चौथा अर्धशतक, बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 44वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (67*) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 22वां और मुंबई इंडियंस के खिलाफ चौथा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 34 गेंदों में पूरा किया। उनकी पारी की बदौलत ही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम शुरुआती झटके से उबकर जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चेन्नई सुपरकिंग्स को 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 रन के कुल स्कोर पर पहला झटका लग गया था। उसके बाद गायकवाड़ ने उर्विल पटेल (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 और कार्तिक शर्मा (54*) के साथ तीसरे विकेट के लिए नाबाद 98 रन की साझेदारी निभाते हुए टीम को जीत दिलाई। इस दौरान गायकवाड़ ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। वह 48 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों से 67 रन बनाकर नाबाद रहे।

गायकवाड़ ने 2020 में चेन्नई सुपरकिंग्स की ही तरफ से अपना आईपीएल में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 80 मैच खेले हैं, जिसकी 79 पारियों में उन्होंने 39.81 की औसत और 136.33 की स्ट्राइक रेट से 2,747 रन बनाए हैं। इसमें 2 शतक के साथ 22 अर्धशतक भी शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 108* रन का रहा है। वह इस लीग में 253 चौके और 103 छक्के भी जड़ चुके हैं। इस दौरान वह 10 बार नॉटआउट भी रहे हैं।

गायकवाड़ का यह आईपीएल 2026 में लगातार दूसरा अर्धशतक रहा है। इससे पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 74* रन की पारी खेली थी। वह अब तक 9 मैचों में 35 की औसत से 245 रन अपने नाम कर चुके हैं।

## थॉमस कप 2026ः भारत को लगा बड़ा झटका, लक्ष्य सेन सेमीफाइनल मुकाबले से हुए बाहर

नईदिल्ली(ए.)। भारत को फ्रांस के खिलाफ होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले करारा झटका लगा है, क्योंकि उसके स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन दाहिनी कोहनी में सूजन के कारण इसमें नहीं खेल पाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत कोर्ट पर उतरेंगे।

दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में दो मैच प्वाइंट बचाकर विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन पर एक घंटे 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीनी ताइपे पर 3-0 से जीत हासिल की. इस मैच के दौरान हालांकि लक्ष्य की कोहनी में चोट लग गई थी और वह अभी तक इससे पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक बयान में कहा, टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद, यह फैसला एहतियात के तौर पर लिया गया है. इसका मकसद लक्ष्य को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देना और यह सुनिश्चित करना है कि अगर भारत फाइनल में पहुंचता है, तो वह पूरी तरह से फिट हों. फिलहाल, उन पर कड़ी मेडिकल नजर रखी जा रही है और उन्हें हर जरूरी मदद दी जा रही है. टीम को पूरा भरोसा और उम्मीद है कि वह जल्द ही ठीक होकर अपनी बेहतरीन फॉर्म में वापस आ जाएंगे.लक्ष्य के 'मेंटोर' और पूर्व भारतीय कोच विमल कुमार ने कहा, उनके पैरों में छाले भी पड़ गए हैं.भारतीय एकल टीम में श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी हैं, जबकि युगल मुकाबले में आमसकारुनन और एमआर अर्जुन और डबल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मैदान में उतरेगी।

## आईपीएल में आज होगा मुम्बई इंडियंस और सुपर जायंट्स में मुकाबला

मुंबई (ए.)। मुम्बइ इंडियंस आईपीएल में सोमवार को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से मुकाबला करेगी।




मुंबई इंडियंस का लक्ष्य इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। मुम्बई अभी नौवे नंबर पर है और उसके केवल चार अंक हैं। मुम्बई अभी अंक तालिका में नौवें स्थान पर है, जिसने नौ मैचों में से सिर्फ दो में जीत हासिल की है।

उसके लिए जीत हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से टीम को 8 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह दबाव में है। उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें तभी बनी रहेंगी जब वह बचे हुए सभी मैच बड़े अंतर से जीते।

मुम्बई के लिए ये आसन नहीं होगा उसके बल्लेबाजसूर्यकुमार यादव फार्म में नहीं है, तिलका वर्मा का प्रदर्शन ही केवल अच्छा रहा है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी गेंद औ बल्ले दोनो से ही विफल रहे है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह भी फ्लॉप साबित हुए हैं जिससे टीम बड़े स्कोर का भी बचाव नहीं कर पा रही।वहीं दूसरी ओर इस बीच, सुपरजायंट्स की टीम आठ मैचों में दो जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे नीचे है। अब टीम का लक्ष्य किसी प्रकार ये मैच जीतकर अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने पर रहेंगी। उसके लिए ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी अब तक विफल रही है।आंकड़ों की बात करें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 8 मुकाबले हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 2 जबकि लखनऊ ने 6 जीते हैं।

# विनेश ने राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में बृजभूषण से सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी

## बोली, किसी भी अप्रिय घटना के लिए सरकार होगी जिम्मेदार



नई दिल्ली (ए.)। खेल में वापसी कर रहीं शीर्ष महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि गोंडा में होने वाले आगामी राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान वह अपनी और अपनी टीम की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। विनेश के अनुसार वह उन छह महिला पहलवानों में से एक हैं जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज कराया था। गोंडा क्षेत्र में बृजभूषण का प्रभाव है और ऐसे में वह उनके या उनकी टीम के खिलाफ कोई किसी प्रकार की साजिश रच सकता है। विनेश ने सरकार को चेताया है कि अगर प्रतियोगिता के दौरान कोई भी अप्रिय घटना घटती है, तो इसके लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार होगी। डेढ़ साल के बाद संन्यास से वापसी कर रही विनेश ने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि गोंडा में बृजभूषण का दबदबा है। उन्होंने आशंका जतायी की बृजभूषण के करीबी व्यक्ति प्रतियोगिता में गड़बड़ी कर परिणामों को बदल सकते हैं, जिसमें रेफरी की नियुक्ति, अंकों का निर्धारण और मैट चेयरमैन का चुनाव जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। विनेश ने कहा, यह टूर्नामेंट ऐसी जगह आयोजित किया जा रहा है जहां उनका (बृजभूषण का) काफी प्रभाव है। किसी मुकाबले में कौन रेफरी होगा, कितने अंक दिए जाएंगे, मैट चेयरमैन कौन होगा, सब कुछ उनके और उनके लोगों के नियंत्रण में है।

विनेश ने कहा, मैं उन छह महिला पहलवानों में से एक हूं जिन्होंने ब्रजभूषण के शिकायत दर्ज कराई है। मामला अभी अदालत में है और गवाहों से पूछताछ चल रही है। उससे जुड़े किसी स्थान पर प्रतिस्पर्धा करना, जहां अधिकतर लोग उससे संबंधित हो सकते हैं, मुझ पर अत्याधिक मानसिक दबाव बनाता है। उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि ऐसे माहौल में वह अपना सौ फीसदी प्रदर्शन कर पाएंगी।

## मैड्रिड ओपन 2026ः जैनिक सिनर ने रचा इतिहास, जोकोविच का 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर मचाई सनसनी

मैड्रिड, (ए.)। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर और पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव मैड्रिड ओपन के पुरुषों के सिंगल्स फाइनल में आमने-सामने होंगे. इटली के सिनर ने सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जर्मनी के ज्वेरेव ने एक और रोमांचक सेमीफाइनल में बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉक्स को हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया.इस जीत के साथ इटली के जैनिक सिनर ने इतिहास रच दिया है. वो सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं. सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने यह कीर्तिमान 2012 में बनाया था. इसके अलावा सिनर इतिहास के तीसरे ऐसे पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं, जिन्होंने एक ही सीजन के पहले चार मास्टर 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है।

# महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित, जानिए किन्हें मिला मौका

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 12 जून से इंग्लैंड में आयोजित होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। इसमें हरमनप्रीत कौर ही भारतीय टीम की कमान संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान रहेंगी। देश को पहला महिला वनडे विश्व कप 2025 का खिताब दिलाने वाली हरमनप्रीत पर फिर से भारत को विश्व चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी होगी। आइए भारतीय टीम पर एक नजर डालते हैं।

महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेस, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव। बता दें कि इस टीम में वनडे विश्व कप 2025 में अहम भूमिका निभाने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को मौका नहीं मिला है। उन पर यास्तिका भाटिया को तरहीज दी गई है।

टीम की घोषणा से पहले बीसीसीआई मुख्यालय में चयन समिति की अध्यक्ष अमिता शर्मा, कप्तान हरमनप्रीत कौर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की मौजूदगी में चयन बैठक हुई। टीम की घोषणा के बाद हरमनप्रीत ने कहा, हमने जो टीम चुनी है, उसमें दोबारा चैंपियन बनने की क्षमता है। अपने अगले कैंप में हम कई चीजें आजमाएंगे और देखेंगे कि हमें किसमें सहजता महसूस होती है। मैं टीम के लिए कोई भी भूमिका



निभाने के लिए तैयार हूं।

टीम में प्रतिका का चयन न होने पर हरमनप्रीत ने कहा, चयन बैठक में प्रतिका रावल के बारे में चर्चा हुई थी, लेकिन चूंकि यस्तिका भाटिया अधिक अनुभवी हैं और हमें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी का विकल्प देती हैं, इसलिए उन्हें प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने आगे कहा, विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ हमारी एक बहुत अच्छी सीरीज होने वाली है और टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हम सुधार के सभी क्षेत्रों पर काम करने की कोशिश करेंगे।

बीसीसीआई सचिव सैकिया ने कहा, टी-20 विश्व कप और इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज दोनों के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 7 दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों की सभी कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद टीम 22 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। बता दें कि भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप की शुरुआत से पहले मेजबान टीम के खिलाफ तैयारी टी-20 सीरीज भी खेलनी है।

14 जून: भारत बनाम पाकिस्तान, एजबेस्टन 17 जून: भारत बनाम नीदरलैंड, हेडिंग्ले 21 जून: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, ओल्ड ट्रैफर्ड 25 जून: भारत बनाम बांग्लादेश, ओल्ड ट्रैफर्ड 28 जून: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, लॉर्ड्स बता दें कि विश्व कप में शामिल 12 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में 6 टीमें शामिल हैं। भारत को ग्रुप-1 में रखा गया है। ग्रुप-2 में इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज शामिल है।भारतीय महिला टीम ने अब तक टी-20 विश्व कप का खिताब नहीं जीता है और आगामी संस्करण में टीम पहली बार विजेता बनने का प्रयास करेगी। इससे पहले 2020 में भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रही थी। साल 2024 में भारतीय टीम ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इसी तरह टीम अब खेले गए विश्व कप के कुल 9 संस्करणों में 2009, 2010, 2018 और 2023 में सेमीफाइनल तक का सफर तय कर चुकी है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**


## अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं?

विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर लेकर युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराध से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी उचित है कि कई भारतीयों को नौकरी या पढ़ाई का लालच देकर रूस ले जाने के बाद यूक्रेन युद्ध में लगा देने की घटनाएं मानव तस्करी मानी जाएंगी। इस रूप में रूस जाकर फंसे 26 व्यक्तियों की तरफ से दायर याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए तीन जजों की खंडपीठ ने केंद्र से इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। याचिका में यह मार्मिक उल्लेख है कि रूस में फंसे ये लोग अपनी इच्छा के खिलाफ एक अन्य देश की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें उनकी मौत हो भी सकती है। ये मामला खासा पुराना हो चुका है। केंद्र ने कई बार उन लोगों को वापस लाने का भरोसा दिया, लेकिन असल में कुछ नहीं हुआ।यह भारत की दुर्दशा की एक मिसाल है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ऐसी मिसालों की कोई कमी नहीं है। कुछ समय पहले ऐसी आई खबरें आईं कि भारतीय युवाओं को आईटी या कॉल सेंटर नौकरी का झांसा देकर दक्षिण-पूर्व एशिया (खासकर म्यांमार, कंबोडिया, लाओस) ले जाया गया और उन्हें ऑनलाइन साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया। ऐसे तमाम मामलों में बाहर ले जाने के बाद नौजवानों के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं और उन्हें कैद जैसे हाल में रखा जाता है। खाड़ी देशों में ऐसी घटनाएं बड़ी संख्या में होती रही हैं। विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर ले जाने के बाद युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं।पिछले साल सिर्फ हरियाणा में ऐसी 33 शिकायतें दर्ज हुईं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा परिभाषा के मुताबिक ऐसे तमाम मामले मानव तस्करी के दायरे में आएंगे, जो एक गंभीर अपराध है। मुद्दा है कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? उन्हें अपने नौजवानों की चिंता क्यों नहीं है, जो देश में अवसरहीनता से मजबूर होकर विदेशों रोजी-रोटी तलाशने के लिए मजबूर होकर मानव तस्करों के हाथ में पड़ जाते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने अब उचित हस्तक्षेप किया है, मगर उससे सूरत बदलने की आशा न्यूनतम ही है।

# 5 राज्यों में किसका होगा राजतिलक

**–सौरभ वार्ष्णेय**

*लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे जनभावनाओं, अपेक्षाओं और राजनीतिक दिशा का स्पष्ट संकेत भी देते हैं। देश के पाँच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। यह चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति का भविष्य तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की धारा को भी प्रभावित करेंगे। इन चुनावों में मुख्य्य मुकाबला सत्तारुढ़ दलों और विपक्षी गठबंधनों के बीच है। एक ओर जहाँ सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों—विकास, कल्याणकारी योजनाओं और स्थिर शासन—को जनता के सामने रख रहे हैं, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है। ऐसे में मतदाता के सामने विकल्प स्पष्ट हैं, लेकिन निर्णय आसान नहीं।*



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे निर्णायक भूमिका निभाएंगे। हर राज्य की अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ हैं, जिनके आधार पर वोटिंग पैटर्न अलग-अलग हो सकता है। कहीं जातीय समीकरण हावी होंगे, तो कहीं विकास का मुद्दा केंद्र में रहेगा। यही कारण है कि एक ही राजनीतिक दल का प्रदर्शन सभी राज्यों में समान नहीं रहने की संभावना है।

इन चुनावों की एक और खासियत यह है कि क्षेत्रीय दलों की भूमिका काफी अहम हो गई है। कई राज्यों में वे किंगमेकर की स्थिति में हैं, जो यह तय कर सकते हैं कि सत्ता किसके हाथ में जाएगी। इससे गठबंधन राजनीति को भी नई मजबूती मिल सकती है।

हालाँकि, इन चुनावों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मतदाता की भूमिका है। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है, और वही तय करती है कि किसे राजतिलक मिले और किसे विपक्ष में बैठना पड़े। इसलिए यह आवश्यक है कि मतदाता जाति, धर्म और भावनात्मक नारों से ऊपर उठकर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के आधार पर अपना निर्णय लें।

पाँच राज्यों के ये चुनाव केवल सरकार बनाने का गणित नहीं हैं, बल्कि यह लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी हैं। परिणाम चाहे जो भी हों, यह स्पष्ट है कि जनता का संदेश ही सबसे बड़ा निर्णायक होगा—और वही तय करेगा कि किसके सिर सजेगा सत्ता का ताज।

एक्जिट पोल—हवा या हकीकत?

चुनावी लोकतंत्र में एक्जिट पोल अब सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं रह गए हैं, बल्कि वे जनमत की तत्काल झलक पेश करने का दावा करते हैं। जैसे ही मतदान समाप्त होता है, टीवी स्टूडियो से लेकर सोशल मीडिया तक, एक्जिट पोल के आंकड़े माहौल बना देते हैं—कहीं उत्साह, कहीं चिंता और कहीं संशय। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या 5 राज्यों के ये एक्जिट पोल सच साबित होंगे या फिर एक बार फिर हवा साबित होंगे? सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि एक्जिट पोल वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित होते हुए भी पूर्ण सत्य नहीं होते। ये सीमित सैंपल, मतदाताओं की ईमानदारी और स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां हर राज्य की सामाजिक, जातीय और राजनीतिक संरचना अलग है, वहां एक समान सटीकता की उम्मीद करना अव्यावहारिक है।

पिछले चुनावों का इतिहास भी मिश्रित रहा है। कई बार एक्जिट पोल ने चौंकाने वाली सटीकता दिखाई है, तो कई बार वे पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। खासकर राज्य चुनावों में, जहां स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की छवि और क्षेत्रीय समीकरण निर्णायक भूमिका निभाते हैं, वहां एक्जिट पोल की सीमाएं और स्पष्ट हो जाती हैं।

इन 5 राज्यों के चुनावों में भी तस्वीर जटिल है। कहीं सत्ता विरोधी लहर की चर्चा है, तो कहीं सरकार की योजनाओं के प्रभाव की। जातीय समीकरण, क्षेत्रीय दलों की ताकत और राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव—ये सभी कारक परिणामों को अप्रत्याशित बना सकते हैं। ऐसे में एक्जिट पोल का सीधा-सीधा परिणामों में बदल जाना आसान नहीं है।


मीडिया की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। कई बार एक्जिट पोल को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो वही अंतिम परिणाम हों, जिससे जनमानस में भ्रम की स्थिति बनती है। इससे न सिर्फ मतदाताओं की धारणा प्रभावित होती है, बल्कि राजनीतिक दलों के भीतर भी अनावश्यक प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। लोकतंत्र में अंतिम सत्य मतगणना के दिन ही सामने आता है। एक्जिट पोल संकेत दे सकते हैं, लेकिन फैसला नहीं सुना सकते। इसलिए इन आंकड़ों को उत्सुकता के साथ देखना ठीक है, पर उन्हें अंतिम सच मान लेना जल्दबाजी होगी। 5 राज्यों के चुनाव परिणाम यह तय करेंगे कि इस बार एक्जिट पोल ने हवा बनाई है या हकीकत दिखाई है। लेकिन एक बात तय है—भारतीय मतदाता अक्सर आखिरी क्षण में भी ऐसा निर्णय लेता है, जो सभी अनुमानों को चौंका देता है। यही लोकतंत्र की असली खूबसूरती है।

# पूरी दुनिया में 373 करोड़ मज़दूरों में से 62 करोड़ अकेले भारत में

**अजय दीक्षित**

***हर साल पहली मई को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मई ( श्रमिक) दिवस मनाया जाता है। अकेले भारत में 62 करोड़ सर्वाधिक श्रमिक हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन समाज में सबसे कम रोजगारी इसी तबके को मिलती है। दक्षिण एशिया, अफ्रीका देशों में हालत सबसे खराब है। लेकिन यूरोपीय देशों फ्रांस, जर्मनी,स्पेन, ब्रिटिश इटली, हंगरी,पोलैंड,चेकोस्लोवाकिया, यूक्रेन, रूस, डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया,में मजदूर की हालत बहुत अच्छी है। चाइना में भी तकरीबन 5 करोड़ मजदूर है। जबकि अंगोला, नाइजीरिया, इथोपिया,में हालत खराब है।***

बैसे तो देखा जाय तो समाज का यही तबका ऐसा है क्योंकि मजदूरों के बिना कोई कार्य नहीं हो सकता है चाहे वह शिक्षा से जुड़ा हो या चिकित्सा से ।कारखाने, कृषि,जो भी उत्पादन के क्षेत्र में मजदूर ही प्रमुख है। मजदूरों के कुछ संगठित क्षेत्र है लेकिन असंगठित क्षेत्र में बहुत से मजदूर होते हैं जैसे निर्माण,टैक्सी चालक, रिक्शा चालक,रेडी वाला टांगें वाला, माइक वाला, खोमचे वाला इत्यादि।




1919 में रूसियों की क्रांति मजदूरों की ही क्रांति थी लेनिन, स्टालिन, शुरू आती नेता थे।दरअसल मजदूरी प्रथा कोई नई नहीं है।जबसे समाज और निर्माण बना तभ भी मजदूर थे ।भारत में राजा रजवाड़े के समय बेगारी की प्रथा थी लेकिन तब श्रमिक संगठित नहीं था।कार्ल मार्क्स ने पूरी दुनिया को समाजवाद से साम्य बाद परिकल्पना की। उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया के मजदूर इकठ्ठे हो जाय और सत्ता पर कब्जा कर लिया जाए। रूसी क्रांति, यूरोप का रिवोल्यूशन,चाइना में माओ बाद उत्पन्न हुआ।कार्लमाक्स का सिद्धांत है कि पूरी दुनिया के लोगों समानता रहनी चाहिए क्योंकि सब ने मनुष्यों में जन्म लिया है। इसी अवधारणा के चलते साम्य बाद का जन्म हुआ। कार्लमाक्स पूंजी बाद,राजशाही, कुलीनतंत्र, राजतंत्र के खिलाफ थे ।

रूसी क्रांति के दौर में वहां के जार (राजा) की हत्या कर दी गई थी। इसी प्रकार चाइना में माओ के नेतृत्व में लॉन्ग मार्च कर 1949 में सत्ता का तख्ता पलट कर दिया गया था।पोलैंड,चेकोस्लोवाकिया, हॉलैंड, सहित कई देशों में साम्यवाद स्थापित हुआ । सोवियत संघ इन देशों का अंतराष्ट्रीय स्तर पर अगुआ था। मजदूरों के पक्ष में कड़े नियम बढ़ाए गए। ट्रेड यूनियन की स्थापना हुई और कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई कई स्थानों पर बात पार्टी भी नाम था।लेकिन समय के साथ इन ट्रेड यूनियनों,ने सत्ता स्थापित कर वही कार्य किया। इनमें भी अवगुण पैदा होते गए।दूसरे जिम्मेदारी के अभाव के चलते पूंजीवाद के समक्ष इनके उत्पाद बाजार में ठहर नहीं सके ।1991 में सोवियत संघ का पतन हुआ और पूरे विश्व में पूंजीवाद का बोलबाला होता गया। चाइना ने उदारवादी व्यवस्था लागू कर दी।पूंजीवाद में मजदूरों के हित सीमित कर दिए गए और ट्रेड यूनियनों को भंग कर दिया गया या सीमित कर दिया गया। अब रूस, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश, इटली, हंगरी, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, यूक्रेन,में भी कैपिटलिज्म है।

## मिनाब 168: महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत

**– तनवीर जाफ़री**

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई,अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया। याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस स मिनाब 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए नए विचारों से भरा रहने वाला है। जो लोग शिक्षा के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहते है उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आप में चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पहले से चली आ रही समस्या आज सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको बहुमूल्य काम पूर्ण की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे आज आप किसी बचपन के मित्र से मिलने जाएंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर कार्य योजनाएं आज पूरी हो सकती है। आपके द्वारा किये गये काम के कारण आज समाज में आपको सम्मान मिल सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। जो भी नया काम करना है, आज उसे पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे और ऑफिस के भी कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही अपने व्यवहार में धैर्य और विनम्रता बनाए रखें।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप से कोई मदद मांग सकता है आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज कार्य करते समय अपने व्यवहार में धैर्य और समझदारी बनाए रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आपके धार्मिक आयोजन में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नई योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। बॉस आपकी कार्य योजना से प्रभावित होंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। धैर्य से काम लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज किसी बुजुर्ग की सलाह आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। रिश्तों के मामले में आज आपको पुरानी बातें भूल करके नई शुरुआत करना चाहिए।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आज आपके सोच में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

# पारिस्थितिकी बहाली का छत्तीसगढ़ मॉडल- बारनवापारा में काले हिरणों की वापसी

**धनंजय राठौर,अशोक कुमार चन्द्रवंशी,**

मन की बात से राष्ट्रीय क्षितिज तक का सफर- प्राय: सभी प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि प्रकृति कभी भी अपना ऋण नहीं भूलती। यदि मनुष्य पूरी ईमानदारी से उसके संरक्षण की ओर एक कदम बढ़ाता है, तो प्रकृति उसे अपनी भव्यता से कई गुना वापस लौटाती है। छत्तीसगढ़ की पावन धरा, जो सदियों से अपनी नैसर्गिक संपदा और सघन वन क्षेत्रों के लिए विख्यात रही है, आज वन्यजीव संरक्षण के एक नए स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य (लगभग 245 वर्ग किमी) में काले हिरणों (ब्लैकबक) का सफलतापूर्वक पुनरुद्धार हुआ है, जहाँ इनकी संख्या अब 200 के करीब पहुँच गई है। 1970 के दशक में विलुप्त हो चुके इन हिरणों को 2018 की पुनरुद्धार योजना और 2026 तक के वैज्ञानिक प्रयासों से वापस लाया गया। हाल ही में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में जब बारनवापारा अभ्यारण्य के काले हिरणों की सफल वापसी का उल्लेख किया, तो यह केवल एक राज्य की उपलब्धि नहीं रही, बल्कि भारत के पर्यावरण मानचित्र पर वन्यजीव संरक्षण का एक नया अध्याय बन गई।

विजन भरा नेतृत्व और प्रतिबद्धता- इस गौरवमयी उपलब्धि के सूत्रधार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय हैं। उन्होंने इस सफलता को राज्य की समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय का मानना है कि प्रधानमंत्री की सराहना केवल एक प्रशंसा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के वन विभाग और वहां के स्थानीय समुदायों के कठिन परिश्रम पर लगी राष्ट्रीय मुहर है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज विकास और पारिस्थितिकी तंत्र के बीच उस दुर्लभ संतुलन को साध रहा है, जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

वैज्ञानिक रणनीति: विलुप्ति से पुनर्वास तक- बारनवापारा अभ्यारण्य में काले हिरणों का दिखाई देना एक समय दुर्लभ हो गया था। लेकिन वन मंत्री श्री केदार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पाण्डेय के रणनीतिक निर्देशन ने इस असंभव लक्ष्य को वास्तविकता में बदल दिया। फरवरी 2026 का महीना छत्तीसगढ़ के वन इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, जब विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में 30 काले हिरणों को उनके प्राकृतिक आवास में सॉफ्ट रिलीज पद्धति से मुक्त किया गया। यह प्रक्रिया केवल उन्हें जंगल में छोड़ने तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि वे नए वातावरण में बिना किसी तनाव के रच-बस सकें। ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर में बेहतर पोषण और वैज्ञानिक देखभाल से इनकी संख्या में वृद्धि हुई। प्रशासनिक इच्छाशक्ति और मैदानी संघर्ष- इस महाअभियान के पीछे उन जांबाज अधिकारियों और मैदानी अमले की मेहनत है, जिन्होंने दिन-रात एक कर दिया। मुख्य वन संरक्षक (रायपुर) श्रीमती सतोविशा समाजदार और वनमंडलाधिकारी (बलौदाबाजार) श्री धम्मशील गणवीर के नेतृत्व में फील्ड स्टाफ, जीव वैज्ञानिकों और पशु चिकित्सकों की एक समर्पित टीम ने एक ढाल की तरह काम किया। वर्तमान में इन हिरणों की सुरक्षा के लिए हाई-टेक निगरानी प्रणाली, जीपीएस ट्रैकिंग और नियमित पेट्रोलिंग का उपयोग किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ वन विभाग की तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।

रामपुर ग्रासलैंड:- एक सुरक्षित भविष्य का पालना बारनवापारा अभ्यारण्य का यह मॉडल आज देश के अन्य राज्यों के लिए एक केस स्टडी बन सकता है। यहाँ केवल काले हिरण की प्रजाति का पुनर्वास नहीं हुआ, बल्कि उनके लिए एक संपूर्ण आवास तंत्र विकसित किया गया। रामपुर ग्रासलैंड का वैज्ञानिक प्रबंधन, प्राकृतिक जल स्रोतों का जीर्णोद्धार और घास की स्थानीय प्रजातियों का संवर्धन वे मुख्य कारक हैं, जिन्होंने काले हिरणों को वहां फलने-फूलने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी ने मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की एक अनूठी मिसाल पेश की है। काला हिरण (ब्लैकबक) भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला एक संकटग्रस्त मृग है। नर काले हिरण का रंग गहरा भूरा से काला होता है, उसके लंबे सर्पिलाकार सींग होते हैं और शरीर का निचला भाग सफेद होता है। मादा काले हिरण हल्के भूरे रंग की होती हैं और सामान्यत: उनके सींग नहीं होते। यह प्रजाति खुले घास के मैदानों में पाई जाती है और दिन के समय सक्रिय रहती है। इसका मुख्य आहार घास और छोटे पौधे होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 74 से 84 सेंटीमीटर होती है। नर का वजन 20 से 57 किलोग्राम के बीच और मादाओं का 20 से 33 किलोग्राम तक होता है। नर काले हिरण की सर्पिलाकार सींगें, जो लगभग 75 सेंटीमीटर तक लंबी हो सकती हैं, इन्हें आसानी से पहचानने योग्य बनाती हैं। भविष्य की राह और राष्ट्रीय संदेश- बारनवापारा अभ्यारण्य में गूंजती काले हिरणों की चहल-कदमी और उनकी कुलाचें इस बात का जीवंत साक्ष्य हैं कि यदि इंसान प्रकृति के प्रति अपनी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी समझ ले, तो खोई हुई धरोहर को फिर से लौटाया जा सकता है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों की घड़ी करीब



## 432 काउंटिंग आब्जर्वर्स की आधिकारिक सूची जारी

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों की घड़ी करीब आ गई है। सोमवार को राज्य की 293 सीटों (फालता को छोड़कर) पर होने वाली मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। आयोग ने शनिवार को 432 काउंटिंग आब्जर्वर्स की आधिकारिक सूची जारी कर दी है।

**उत्तर 24 परगना में सबसे ज्यादा पहरा**

चुनाव आयोग ने इस बार उत्तर 24 परगना जिले पर विशेष ध्यान दिया है। यहां की 33 सीटों के लिए सबसे अधिक 49 काउंटिंग आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इसके बाद दक्षिण 24 परगना का नंबर आता है, जहां 31 सीटों के लिए 45 पर्यवेक्षकों की टीम मुस्तैद रहेगी। हालांकि, फालता सीट पर दोबारा मतदान के फैसले के कारण वहां फिलहाल मतगणना नहीं होगी।

**छोटे जिलों में तैनाती की स्थिति**

जहां बड़े जिलों में पर्यवेक्षकों की फौज उतारी गई है, वहीं अलीपुरद्वार जैसे छोटे जिले में सबसे कम अमला तैनात है। यहां की 5 सीटों के लिए सिर्फ 6 आब्जर्वर्स को जिम्मेदारी मिली है। राजधानी कोलकाता की बात करें, तो यहां की 11 सीटों के लिए 12 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

**अतिरिक्त पर्यवेक्षकों का बैकअप**

चुनाव आयोग ने उन क्षेत्रों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। ऐसी जगहों पर मुख्य पर्यवेक्षकों की मदद के लिए 165 अतिरिक्त काउंटिंग आब्जर्वर्स नियुक्त किए गए हैं, ताकि गिनती की प्रक्रिया में कोई रुकावट न आए।

**सुरक्षा के कड़े नियम**

मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था संभालने के लिए 77 पुलिस आब्जर्वर्स नियुक्त किए गए हैं। आयोग ने सख्त निर्देश जारी किया है कि ये पुलिस आब्जर्वर्स केवल बाहरी परिसर की व्यवस्था देखेंगे और किसी भी हाल में मतगणना कक्ष के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे।

## पूर्व कांग्रेस विधायक बाबूलाल बैरवा का निधन, अशोक गहलोत ने जताया शोक

अलवर, (आरएनएस)। राजस्थान के कठूमर से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक बाबूलाल बैरवा का रविवार को निधन हो गया। जयपुर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बाबूलाल बैरवा के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शोक व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार, बाबूलाल बैरवा लगभग 10 दिनों से बीमार थे। उन्हें बीपी, शुगर और अस्थमा की बीमारी थी। जयपुर में इलाज के दौरान उन्होंने तड़के करीब 3 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन से कठूमर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।




लखनऊ में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया, जो स्मार्ट और प्रीपेड बिजली मीटरों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था और उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं के घरों से उन्हें हटाने की मांग कर रहा था।

# दिल्ली के विवेक विहार इलाके भीषण अग्निकांड पीएम मोदी ने जताया दुख

## मृतकों के लिए 2 लाख की मदद का ऐलान

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के विवेक विहार इलाके में रविवार को हुए भीषण अग्निकांड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। एक चार मंजिला इमारत में लगी इस आग में एक बच्चे समेत 9 लोगों की जान चली गई। पीएम मोदी ने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।



उन्होंने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है।

**तड़के सुबह मचा हड़कंप**

विवेक विहार फेज-1 की इस इमारत में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को तड़के 3ः48 बजे मिली। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते इसने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर दमकल की 12 गाड़ियां तैनात की गईं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिन संकरी गलियों और भीषण लपटों के कारण बचाव कार्य में काफी चुनौतियां आईं।

**आग लगने का संभावित कारण**

शुरुआती रिपोर्ट्स और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिल्डिंग में लगे एक एसी में जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। हालांकि, आधिकारिक तौर पर आग लगने के सही कारणों की पुष्टि होना अभी बाकी है। पुलिस और जांच एजेंसियां मामले की बारीकी से जांच कर रही हैं ताकि हादसे की असल वजह का पता लगाया जा सके।

# 12 राज्यों में तूफानी बारिश को लेकर चेतावनी, तापमान आएगी गिरावट



## -पहाड़ी राज्यों में हो सकती है बर्फबारी

नईदिल्ली(आरएनएस)। देश के अधिकांश हिस्सों में शनिवार को अंधड़-बारिश के कारण कई शहरों में पारा 40 डिग्री के नीचे आ गया। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ जगह ओलावृष्टि देखने को मिली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों और मध्य भारत के 12 राज्यों में 3-6 मई के बीच मौसम खराब रहने की संभावना जताई है।राजस्थान में शनिवार को तेज आंधी चलने से सैंकड़ों पेड़ टूट गए तो कहीं मकानों को नुकसान हुआ है। प्रदेश में रविवार को 11 जिलों में मौसम खराब रहेगा। उत्तर प्रदेश में दिन में भीषण गर्मी पड़ेगी, लेकिन शाम को मौसम बदल सकता है और अगले 2 दिनों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मध्य प्रदेश में 27 जिलों और बिहार के 24 जिलों में तूफानी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में शनिवार को बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 25.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। आज भी बादल छाए रहने के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवा चलेगी। 3 से 8 मई तक राजधानी में बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हरियाणा में सुबह से ही झौंकेदार बारिश हो रही है, वहीं पंजाब के 8 जिलों में आज ऐसा ही मौसम रह सकता है। पहाड़ी राज्यों के मौसम की बात करें तो शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून में ओले गिरे और आज कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है, वहीं हिमाचल प्रदेश में भी बादल बरसेंगे। इसके साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार हैं। आईएमडी के अनुसार, अगले 5 दिन पश्चिम बंगाल और सिक्किम में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी राज्य तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी मौसम बिगड़ेगा।

## गुरुग्राम में खौफनाक वारदात, सनकी शख्स ने पत्नी और चार बच्चों को उतारा मौत के घाट

गुरुग्राम,(आरएनएस)। गुरुग्राम के वजीरपुर इलाके से एक बेहद दर्दनाक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति नाजिम ने अपनी पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों को जहर दे दिया और फिर खुद भी सुसाइड करने की कोशिश की। नाजिम मुरादाबाद का रहने वाला था और गुरुग्राम में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। वह यहां सैलून चलाकर अपने परिवार का खर्च चलाता था। करीब सात साल पहले उसने दिल्ली की रहने वाली नजमा से प्रेम विवाह किया था।

## पीएम मोदी ने की कांग्रेस नेता अजय राय के स्वस्थ होने की कामना, अस्पताल में चल रहा इलाज



लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शुक्रवार को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें चक्कर आया और वे बेहोश हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजय राय के जल्द स्वस्थ होने किए कामना की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पोस्ट के जरिए अजय राय के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजय राय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए लिखा कि अजय राय के अस्वस्थ होने की जानकारी मिली है और वह उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। जानकारी के अनुसार, अजय राय ने दिन में पार्टी द्वारा आयोजित शिक्षकों और डॉक्टरों के सम्मेलन में भाग लिया था, जिसमें कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। इसी दौरान उन्होंने बेचैनी और दर्द की शिकायत की थी।कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें तुरंत लखनऊ के एक निजी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।बताया जा रहा है कि अजय राय को अचानक सीने में दर्द, बेचैनी और बेहोशी की शिकायत के बाद भर्ती किया गया। डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है और इलाज जारी है।फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखे हुए है, और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। शाम को अजय राय ने मीडिया से बातचीत की थी। इसमें उन्होंने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर अपनी राय रखते हुए कहा था कि हम तो शुरू से ही कहते आ रहे थे कि गैस की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। और जैसे ही चुनाव और मतदान खत्म हुआ, आप उनकी चालाकी देख सकते हैं। सरकार ने मतदान खत्म होते ही, उन्होंने तुरंत रातों-रात कीमतें बढ़ा दीं।

## शहादत को सलाम : आईईडी ब्लास्ट में शहीद 4 जवानों को दी गई आखिरी सलामी, परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से छलके आंसू



कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को IED ब्लास्ट में DRG के 4 जवान शहीद हो गए। DRG की टीम जब छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी, तभी यह हादसा हुआ। आज उन चार शहीद जवानों को नारायणपुर पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। बता दें कि शनिवार 2 मई को DRG की टीम छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इस दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा प्लांटेट IED मिला था, जिसे बाहर निकालकर निष्क्रीय किया जा रहा था. तभी IED विस्फोट हो गया। IED की चपेट में आकर 3 जवान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले घटनास्थल पे शहीद हो गए। वहीं 1 घायल जवान कॉन्स्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट कर रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित अस्पताल में लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

## गुरुग्राम में खौफनाक वारदात, सनकी शख्स ने पत्नी और चार बच्चों को उतारा मौत के घाट



गुरुग्राम,(आरएनएस)। गुरुग्राम के वजीरपुर इलाके से एक बेहद दर्दनाक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति नाजिम ने अपनी पत्नी और चार छोटे-छोटे बच्चों को जहर दे दिया और फिर खुद भी सुसाइड करने की कोशिश की। नाजिम मुरादाबाद का रहने वाला था और गुरुग्राम में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था। वह यहां सैलून चलाकर अपने परिवार का खर्च चलाता था। करीब सात साल पहले उसने दिल्ली की रहने वाली नजमा से प्रेम विवाह किया था। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाई थीं, लेकिन किसी को नहीं पता था कि एक दिन ऐसा खौफनाक मोड़ आएगा। इस घटना में 35 साल की नजमा और उनके चार बच्चों इकरा (14 साल), सिफा (12 साल), खतिना (10 साल) और आयन (8 साल) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पहले नाजिम ने सभी को जहर दिया और उसके बाद खुद की नस काट ली। गंभीर हालत में उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पांचों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से एक टूटा हुआ मोबाइल फोन भी मिला है, जिसे पुलिस जांच के लिए खंगाल रही है। शुरुआती जांच में पारिवारिक कलह या मानसिक तनाव जैसी बातें सामने आ रही हैं, लेकिन असली वजह क्या थी, इसका अभी तक साफ खुलासा नहीं हो पाया है। पड़ोसियों के मुताबिक, यह परिवार आम तौर पर हंसता-खेलता नजर आता था। किसी को अंदाजा नहीं था कि अंदर ही अंदर इतनी बड़ी परेशानी चल रही होगी। यही वजह है कि यह घटना पूरे इलाके के लिए एक बड़ा सदमा बन गई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है, ताकि सच सामने आ सके।

## दिल्ली में बड़ा हादसा : विवेक विहार में 6 फ्लैटों में लगी भीषण आग, 9 लोगों की मौत; कई घायल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के विवेक विहार इलाके में देर रात एक इमारत के 6 फ्लैटों में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक, आग लगने की सूचना सुबह करीब 3:47 बजे दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत कई दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग तेजी से फैलने के कारण कई लोग इमारत में फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और दमकल विभाग ने बताया कि अब आग पर काबू पा लिया गया है, हालांकि सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। इस इमारत में कुल 8 परिवार रहते थे।पुलिस के अनुसार, 3 मई को करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाने में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम, एसएचओ और एसीपी के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल विभाग और क्राइम टीम भी विवेक विहार फेज-I स्थित बी-13 परिसर में पहुंच गई।आग इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के फ्लैटों में लगी थी। बचाव अभियान के दौरान 10 से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोग मामूली रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर 12 दमकल गाड़ियां, डीडीएमए स्टाफ, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस मौजूद रही। मामले की जांच जारी है।इससे पहले गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित गौड़ ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में भी भीषण आग लगी थी, जो 9वीं से 13वीं मंजिल तक फैल गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट से राहत के बाद पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत, बोले- संविधान जीता, दमनकारी मशीनरी हारी

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने संविधान और न्यायपालिका के प्रति अपना अटूट विश्वास दोहराया। यह पूरा मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े कथित मानहानि और जालसाजी के आरोपों से संबंधित है, जिसमें कोर्ट ने खेड़ा को बड़ी राहत दी है।

**दिल्ली में पवन खेड़ा का जोरदार स्वागत**

अग्रिम जमानत मिलने के बाद जब पवन खेड़ा दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, तो वहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने इस फैसले को संविधान की जीत बताया। खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब भी सरकार अपनी मशीनरी का गलत इस्तेमाल कर किसी नागरिक के अधिकारों को दबाने की कोशिश करती है, तब बाबा साहब का बनाया



संविधान ही रक्षा कवच बनकर सामने आता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**

जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में यह मामला राजनीति से प्रेरित और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से प्रभावित लगता है। अदालत ने माना कि इस मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ करने की कोई जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के उस फैसले को भी त्रुटिपूर्ण बताया, जिसमें खेड़ा की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

**किन शर्तों पर मिली जमानत?**

सुप्रीम कोर्ट ने पवन खेड़ा को जांच में पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। जमानत की मुख्य शर्तों में, पुलिस जब भी बुलाएगी, उन्हें जांच के लिए पेश होना होगा। वे गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेंगे और बिना अदालत की अनुमति के वे देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे, शामिल हैं।

**क्या है पूरा विवाद?**

यह मामला पवन खेड़ा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा पर लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मानहानि और जालसाजी की। हालांकि, पवन खेड़ा ने कहा कि यह फैसला सिर्फ उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि देश के उन सभी लोगों के लिए संदेश है जो दमनकारी कदमों के खिलाफ खड़े हैं।



भारतीय सेना का दस्ता भारत-कंबोडिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास सिनबैक्स-द्वितीय% के दूसरे संस्करण के लिए रवाना हुआ; यह अभ्यास 4 से 17 मई 2026 तक कंबोडिया के काम्पोंग स्पू प्रांत में आयोजित किया जाएगा।

# पंजाब सरकार के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे राघव चड्ढा

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है। सूत्रों के अनुसार, वे पंजाब में सरकारी मशीनरी के कथित दुरुपयोग और राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई की शिकायत करना चाहते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने उन्हें 5 मई की सुबह 10:40 बजे मिलने का समय दे दिया है।



क्या है पूरा मामला?

राघव चड्ढा का आरोप है कि पंजाब के सरकारी तंत्र का इस्तेमाल उन सांसदों और नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है, जो हाल ही में आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। इस मुलाकात के दौरान उनके साथ तीन अन्य सांसद भी मौजूद रहेंगे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब राघव चड्ढा और पार्टी आलाकमान के बीच दूरियों की खबरें लगातार चर्चा में हैं। राघव चड्ढा कभी अरविंद केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद साथियों में गिने जाते थे, लेकिन हाल के दिनों में समीकरण बदलते दिखे हैं। बताया जा रहा है कि जब केजरीवाल जेल में थे, तब राघव चड्ढा का लंदन में होना और वहां की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करना पार्टी नेतृत्व को रास नहीं आया। उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान भी पंजाब की मुख्य रणनीति से दूर रखा गया, जिससे पार्टी के अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आने लगे। पार्टी में अपनी भूमिका को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर इशारों-इशारों में बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा, मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना, मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है। उनके इस बयान को पार्टी नेतृत्व के लिए एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## दिल्ली में जज अमन कुमार शर्मा ने किया सुसाइड, फंदे से लटका मिला शव



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सफदरजंग इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 35 वर्षीय जज अमन कुमार शर्मा ने कथित तौर पर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद न्यायिक और कानूनी जगत में शोक की लहर फैल गई है।दिल्ली पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी शनिवार दोपहर करीब 1:45 बजे मिली। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना परिवार के किसी सदस्य द्वारा दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में जज अमन कुमार शर्मा का शव घर के अंदर फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच जारी है। इस अचानक हुई मौत ने दिल्ली के न्यायिक समुदाय को स्तब्ध कर दिया है।

## एल्बम यादों और अनुभवों का अनूठा कलेक्शन : श्रेया घोषाल

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड की प्रतिष्ठित गायिका श्रेया घोषाल ने अपने बेहद खास ऑल हार्ट्स टूर को एक लाइव एल्बम के रूप में अपने प्रशंसकों के लिए पेश किया है, जो उनके वैश्विक संगीत सफर की एक यादगार कड़ी है। यह एल्बम उन यादों, भावनाओं और अनुभवों का एक अनूठा कलेक्शन है, जिन्हें उन्होंने अपने वर्ल्ड टूर के दौरान विभिन्न शहरों और मंचों पर महसूस किया। यह लाइव एल्बम अब सोनी म्यूजिक इंडिया के तहत जारी



किया गया है। श्रेया घोषाल ने बताया कि यह सफर उनके जीवन के सबसे खास और यादगार अनुभवों में से एक रहा है। श्रेया घोषाल ने इस एल्बम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यह सफर एक साल से भी ज्यादा समय तक चला और इस दौरान मैंने दुनिया के कई बड़े शहरों में परफॉर्म किया। हर शहर, हर मंच और हर दर्शक मेरे दिल के करीब बनता चला गया। कहीं कार्यक्रम का माहौल इतना ऊर्जावान था कि वह यादगार बन गया, कहीं दर्शकों का अपार प्यार दिल छू लेने वाला था, और कहीं गानों की लिस्ट इतनी खास थी कि वह पल हमेशा के लिए स्मृति में बस गया। यही वजह थी कि मैं और मेरी टीम ने सोचा कि इन सभी खास पलों को सिर्फ यादों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इन्हें एक एल्बम के रूप में हमेशा के लिए सुरक्षित कर लेना चाहिए ताकि मेरे प्रशंसक भी इसका हिस्सा बन सकें।

उन्होंने आगे कहा, इस एल्बम के लिए गानों का चुनाव करना आसान नहीं था। अलग-अलग शहरों में हुए कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग में कई खूबसूरत पल थे। ऐसे में यह तय करना काफी मुश्किल था कि किन परफॉर्मेंस को चुना जाए, जो उस पल की सही भावना को कैप्चर कर सकें। मेरी कोशिश यही रही कि हर जगह से सबसे बेहतरीन रिकॉर्डिंग को लिया जाए ताकि उस मंच की भावना और ऊर्जा लोगों तक पहुंच सके और वे उस अनुभव को महसूस कर सकें। श्रेया घोषाल ने अपने टूर के कुछ खास इवेंट्स और मंचों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, डॉल्बी थिएटर में परफॉर्म देना मेरे लिए बेहद भावुकता भरा अनुभव था। यह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में गिना जाता है और यहां बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित होते हैं। ऐसे मंच पर गाना किसी भी कलाकार के लिए एक सपना होता है। इसके अलावा, उन्होंने फॉक्स थिएटर की यादों को भी खास बताया, यह ऐतिहासिक थिएटर बेहद खूबसूरत है और भारतीय संगीत जगत की महान गायिका लता मंगेशकर भी यहां परफॉर्म कर चुकी हैं।

## मेरे लिए भावनात्मक सफर रहा है इंस्पेक्टर अविनाश : उर्वशी रौतेला

मुंबई (ए.)। मेकर्स क्राइम और सस्पेंस से भरपूर वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के दूसरे सीजन के साथ पुनः दर्शकों के बीच लौटने की तैयारी कर रहे हैं। सीरीज में एक बार फिर उर्वशी रौतेला एक अहम और दमदार किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे वह अपने करियर के सबसे खास और परिवर्तनकारी किरदारों में से एक मानती हैं। इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा रोमांच और गहराई से भरी होगी। अपने किरदार और सीरीज के बारे में बात करते हुए उर्वशी रौतेला ने कहा, मेरे लिए इंस्पेक्टर अविनाश सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर रहा है। मेरा किरदार असली जिंदगी से प्रेरित है, इसलिए इसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाने की कोशिश की है। निर्देशक नीरज पाठक की लिखी स्क्रिप्ट ने मुझपर काफी प्रभाव डाला है। जैसे ही मैंने कहानी पढ़ी, मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार सिर्फ अभिनय करने का मौका नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा, सीरीज का दूसरा सीजन अपराध और पुलिस की दुनिया को गहराई से दिखाएगा। हालांकि, इस बार कहानी सिर्फ अपराध और जांच तक सीमित नहीं रहेगी।



इसमें उन परिवारों की जिंदगी को भी दिखाया जाएगा, जो पुलिस अधिकारियों के साथ हर मुश्किल दौर में खड़े रहते हैं। मेरा किरदार इसी भावनात्मक पक्ष को सामने लाएगा। सीरीज यह दिखाने की कोशिश करेगी कि एक पुलिस अधिकारी की नौकरी सिर्फ उसी इंसान को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है। उनके परिवारों को भी डर, तनाव और त्याग के साथ जीना पड़ता है, जिसकी झलक अक्सर पर्दे पर नहीं दिखाई जाती।

यह नई परत सीरीज को और अधिक मानवीय और रिलेटेबल बनाएगी। अपने किरदार को पूरी तरह असली और विश्वसनीय बनाने के लिए उर्वशी ने काफी मेहनत की।

उन्होंने बताया, तैयारी के दौरान मैं असली इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पत्नी से मिली। मुझे उनकी सादगी, धैर्य और मानसिक मजबूती ने काफी प्रभावित किया। उनके साथ समय बिताने के बाद मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी की पत्नी होना कितना मुश्किल होता है। बाहर से यह जिंदगी सामान्य दिख सकती है, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत संघर्ष और चिंता छिपी होती है। इसी अनुभव ने मुझे अपने किरदार को और बेहतर तरीके से समझने में मदद की।

उर्वशी ने कहा, मैंने इस किरदार के लिए करीब दो साल तक तैयारी की। मैंने छोटी-छोटी आदतों और व्यवहार को समझने की कोशिश की। बोलने का तरीका, बॉडी लैंग्वेज, चलने का अंदाज और यहां तक कि साड़ी पहनने के तरीके तक पर भी ध्यान दिया। मैं चाहती हूं कि दर्शकों को मेरा किरदार पूरी तरह असली लगे और वे उससे जुड़ाव महसूस करें। उन्होंने अंत में कहा, यह किरदार मेरे पिछले सभी किरदारों से काफी अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मैं हमेशा से ऐसे किरदार निभाना चाहती थी जिनमें भावनात्मक गहराई हो, और इंस्पेक्टर अविनाश ने मुझे वह मौका दिया है।

## अगस्त में शुरू होगी रणवीर की प्रलय की शूटिंग



मुंबई (ए.)। धुरंधर और धुरंधर 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अभिनेता रणवीर सिंह की आगामी फिल्म प्रलय दर्शकों को रोमांच डोज देने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग अगस्त से शुरू होने वाली है। कुछ रिपोर्टों में हाल ही में दावा किया गया था कि रणवीर सिंह और निर्देशक जय मेहता के बीच क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म के निर्माण में रुकावट आ गई है, लेकिन फिल्म से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रलय को लेकर फैलाई जा रही अनिश्चितता वाली खबरें पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार हैं। सूत्र ने स्पष्ट किया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम पहले ही जोर-शोर से शुरू हो चुका है और रणवीर सिंह व निर्देशक जय मेहता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने और फिल्म को भव्य पैमाने पर बनाने के लिए लगातार चर्चा कर रहे हैं। यह उनकी प्रतिबद्धता और प्रोजेक्ट के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

प्रलय एक पोस्ट-एपोकैलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें जॉम्बी ड्रामा को पूरी तरह नए और अनोखे अंदाज में फिल्माया जाएगा। यह फिल्म वीएफएक्स पर आधारित एक भव्य एक्शन थ्रिलर होगी, जिसका अनुमानित बजट लगभग 300 करोड़ रुपए है। फिल्ममेकर इसे भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे बड़े और शानदार प्रोजेक्ट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जो दर्शकों को एक विस्मयकारी अनुभव देगा। फिल्म धुरंधर फ्रेंचाइजी की अपार सफलता के बाद, रणवीर सिंह इस फिल्म में एकदम नए और अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं।

फिल्म की कहानी एक डिस्टोपियन दुनिया पर आधारित है, जहां अस्तित्व के लिए संघर्ष और रोमांचक मोड़ दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। फिल्म की कहानी को जय मेहता और विशाल कपूर ने मिलकर लिखा है, जो एक दमदार पटकथा का वादा करता है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को हंसल मेहता की ट्रू स्टोरी फिल्म्स और रणवीर सिंह की मां कसम फिल्म्स के बैनर तले अपलॉज एंटरटेनमेंट के सहयोग से तैयार किया जा रहा है।

## शॉर्ट्स और टॉप में रुहानिका धवन ने ढाया कहर, दिए कातिलाना पोज, वायरल हुई तस्वीरें



टीवी शो ये हैं मोहब्बते में दिव्यांकी त्रिपाठी की ऑन स्क्रीन बेटी बन रूही के किरदार से रुहानिका धवन ने खूब सुर्खियां बटोरी. अब वो पहले से काफी बड़ी हो गई हैं. वो सोशल मीडिया पर अपने लुक्स को लेकर छाई रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कई ग्लैमरस फोटोज शेयर की है.

रुहानिका धवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. फैंस उनकी हर एक नई पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं. फोटोज में वो काफी स्टाइलिश लुक में नजर आई. लुक की बात करें तो उन्होंने डेनिम शॉर्ट्स और व्हाइट क्रॉप टॉप पहना है. खुले बाल और मिनिमल मेकअप में रुहानिका धवन काफी खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने कई अलग-अलग अंदाज में कातिलाना पोज दिए हैं. तस्वीरों में रुहानिका काफी कॉन्फिडेंट नजर आ रही है. उनकी ये सादगी भरी मुस्कान फैंस का दिल जीत रही है. उनकी इन फोटोज पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा,बेबी गर्ल बड़ी हो गई है. वहीं दूसरी ने किया. क्यूटनेस की कोई लिमिट नहीं है.

# विदेश समाचार

## ईरान ने अमेरिका को भेजा नया शांति प्रस्ताव, डोनाल्ड ट्रंप बोले- मंजूरी की उम्मीद कम



तेहरान,( आरएनएस)। ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका को 14-सूत्रीय शांति प्रस्ताव भेजा है। इसे पाकिस्तान के जरिए ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित 9-सूत्रीय ढांचे के जवाब में भेजा गया है। इसमें युद्ध खत्म करने और नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करने समेत कई मांगें की गई हैं। प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह नए प्रस्ताव की जल्द ही समीक्षा करेंगे, लेकिन उन्हें गहरा शक है कि ईरान की शर्तें अमेरिका को स्वीकार्य होंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने अमेरिका से लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करने, नौसैनिक नाकाबंदी हटाने, पश्चिम एशिया से सेना वापस बुलाने और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक नया शासन तंत्र स्थापित करने की मांग की है। इसके अलावा ईरान पर लगे सभी आर्थिक प्रतिबंधों को हटाना, उसकी जब्त की गई संपत्तियों को लौटाना और युद्ध के दौरान हुए नुकसान का मुआवजा देना भी शामिल है।

ईरान के प्रस्ताव पर ट्रंप ने कहा, मैं जल्द ही उस योजना की समीक्षा करूंगा, जो ईरान ने अभी-अभी हमें भेजी है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगी, क्योंकि पिछले 47 वर्षों में उन्होंने मानवता और दुनिया के साथ जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्होंने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। ट्रंप ने एक अलग बयान में ईरान पर नए अमेरिकी हमलों की संभावना का भी संकेत दिया।

ईरान के उप विदेश मंत्री कासिम गरीबाबादी ने कहा कि यह अमेरिका पर निर्भर करता है कि वह बातचीत के जरिए समझौता करे या खुले युद्ध की ओर लौटे हम दोनों के लिए तैयार हैं। गरीबाबादी ने तेहरान में राजनयिकों से कहा, अब अमेरिका को कूटनीति का मार्ग चुनना है या टकरावपूर्ण दृष्टिकोण जारी रखना है। ईरान अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोनों रास्तों के लिए तैयार है।

यह घटनाक्रम ऐसे वक्त सामने आया है, जब अमेरिका ने कथित तौर पर एक 9-सूत्रीय प्रस्ताव ईरान के साथ साझा किया था, जिसमें 2 महीने के युद्धविराम की समयसीमा शामिल थी। हालांकि, ईरान अस्थायी युद्धविराम में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है और 30 दिनों के भीतर एक पूर्ण समाधान चाहता है। अभी भी दोनों देशों में परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज का नियंत्रण समेत कई मुद्दों पर गंभीर मतभेद बने हुए हैं।

## दक्षिण लेबनान में इजरायली हमले जारी, आईडीएफ ने कई इलाकों को खाली करने का दिया आदेश

बेरूत,(आरएनएस)। इजरायल और लेबनान के बीच बढ़ते तनाव के बीच इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दक्षिणी लेबनान के टायर जिले में कई स्थानों पर गोले बरसाए। इससे पहले इजरायल ने 12 कस्बों और गांवों के निवासियों को चेतावनी जारी कर संभावित हमलों के मद्देनजर अपने घर खाली करने को कहा था। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए (नेशनल न्यूज एजेंसी) ने बताया कि इजरायली तोपों ने टायर जिले के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया। हमलों में फरून और घंदूरियेह नगरपालिकाओं के साथ-साथ अल-मंसूरी, कलाइला और माजदल जौन की पहाड़ियों के बाहरी क्षेत्र शामिल हैं। स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलाबारी के कारण इन क्षेत्रों में दहशत का माहौल है और कई लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। हालांकि, अब तक किसी के हताहत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले इजरायली सेना ने चेतावनी जारी करते हुए दक्षिणी लेबनान के 12 इलाकों में हमले की जानकारी दी थी और निवासियों को तुरंत वहां से हटने को कहा था।

## नाकेबंदी के बीच भारत से जुड़ा एक और एलपीजी टैंकर होर्मुज पार कर गया

होर्मुज़, ( आरएनएस)। भारत से जुड़ा एक लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस टैंकर स्ट्रेटेजिक रूप से अहम होर्मुज को सफलतापूर्वक पार कर गया है. यह बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच एक बड़ी सफलता है. शिप-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला जहाज सर्वशक्ति को शनिवार को ईरान के लारक और केशम आइलैंड के पास से गुजरने के बाद ओमान की खाड़ी में जाते हुए ट्रैक किया गया. इसमें लगभग 45,000 टन एलपीजी है. ये आमतौर पर खाना पकाने के फ्यूल के तौर पर इस्तेमाल होता है।

माना जा रहा है कि जहाज भारत आ रहा है. सर्वशक्ति एक बहुत बड़ा गैस कैरियर है जो पहले भी फारस की खाड़ी और भारतीय पोर्ट के बीच के रूट पर इस्तेमाल किया जा चुका है. यह अभी अपने भारतीय डेस्टिनेशन और क्रू की डिटेल्स ब्रॉडकास्ट कर रहा है. यह एक सेफ्टी प्रोटोकॉल है जिसे ईरान से जुड़ी लड़ाई शुरू होने के बाद से इस इलाके में चलने वाले जहाज बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं।

जहाज का सफर इसलिए अहम है क्योंकि यह ईरान से जुड़े जहाजों को टारगेट करने वाली अमेरिकी नाकेबंदी के कुछ हफ्ते पहले शुरू होने के बाद भारत से जुड़े किसी टैंकर के निकलने की पहली खबर है. इन पाबंदियों ने होर्मुज से टैंकर ट्रैफिक को लगभग जीरो लेवल तक कम कर दिया था, जिससे दुनिया के सबसे जरूरी एनर्जी कॉरिडोर में से एक में रुकावट आई थी।

सर्वशक्ति पिछले महीने होर्मुज के थोड़े समय के लिए खुलने के दौरान निकलने में कामयाब हो गया. इसके निकलने के तुरंत बाद नई पाबंदियां लगा दी गई. इस बीच पिछले महीने रिपोर्ट्स में कहा गया कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से पहली लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) शिपमेंट, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरी, जिससे दुनिया भर में एनर्जी के एक अहम चोकपॉइंट पर एक बड़ी कामयाबी का इशारा मिला.शिप-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक एलएनजी टैंकर मुबारज जिसने मार्च की शुरुआत में अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी की दास आइलैंड फैसिलिटी से कार्गो लोड किया था भारत के दक्षिणी सिरे से गुजर रहा था. यह जहाज कई हफ्तों तक फारस की खाड़ी के अंदर खड़ा रहा और 31 मार्च के आसपास सिग्नल भेजना बंद कर दिया और सोमवार को भारत के पश्चिम में फिर से दिखा।

## ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ट्रिपल मर्डर, नशे में धुत युवक ने माता-पिता और भाई को उतारा मौत के घाट




सिडनी,(आरएनएस)।ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में ट्रिपल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस का मानना है कि एक व्यक्ति ने कथित तौर पर नशे की हालत में अपने माता-पिता और भाई की हत्या कर दी। आरोपी को बाद में घटनास्थल पर लौटने पर हिरासत में ले लिया गया। यह घटना सिडनी के कैंपबेलटाउन इलाके के पास रोजमीडो स्थित जूलियट क्लोज में रविवार तड़के हुई। 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने पुलिस के हवाले से बताया कि, सुबह करीब 1:30 बजे 30 वर्षीय व्यक्ति ने इमरजेंसी सर्विस को कॉल कर बताया कि उस पर उसके भाई ने हमला किया है।पुलिस और पैरामेडिक्स के मौके पर पहुंचने पर घर के अंदर 65 वर्षीय मां और 64 वर्षीय पिता गंभीर रूप से घायल मिले। मां को घर के पिछले हिस्से में ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। वहीं, पिता को सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें लिवरपूल अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने परिसर की तलाशी ली और एक हिस्से में 25 वर्षीय भाई का शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 32 वर्षीय सबसे बड़े भाई ने कथित तौर पर धारदार और कुंद हथियार, संभवतः हथौड़े, से हमला किया और फिर मौके से फरार हो गया। कैंपबेलटाउन पुलिस के सुपरिटेंडेंट ग्रांट हीली ने कहा, यह एक बहुत बड़ा और भयावह क्राइम सीन है। हमें अभी तक कोई हथियार नहीं मिला है, लेकिन जांच व्यवस्थित तरीके से जारी है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था, चारों ओर खून फैला हुआ था। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक सिल्वर कार में सुबह करीब 2:30 बजे घटनास्थल पर वापस लौटा, जहां उसे हिरासत में ले लिया गया।

## अदन की खाड़ी में समुद्री लुटेरों ने ऑयल टैंकर पर किया कब्जा

### हमलावरों ने यूरेका को सोमालियाई तट की ओर मोड़ा



अदन,(ए)। अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती की एक गंभीर घटना सामने आई है। शनिवार को अज्ञात हमलावरों ने यमन के तट के पास एक तेल टैंकर का अपहरण कर लिया और उसे सोमालिया की दिशा में मोड़ दिया। यमन के कोस्ट गार्ड ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने टैंकर की लोकेशन का पता लगा लिया है और वर्तमान में उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन अब चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जहाज को लुटेरों के चंगुल से मुक्त कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर रणनीति बना रहा है।

जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने यमन के शबवा प्रांत के पास टोगो के झंडे वाले तेल टैंकर यूरेका को निशाना बनाया। हमलावर जबरन जहाज पर चढ़ गए और चालक दल को बंधक बनाकर जहाज का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। मरीन ट्रैफिक डेटा के मुताबिक, इस टैंकर को आखिरी बार मार्च के अंत में संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह पर देखा गया था। फिलहाल टैंकर पर सवार चालक दल के सदस्यों की कुल संख्या और उनकी नागरिकता के बारे में स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है। कोस्ट गार्ड के एक आधिकारिक बयान में कहा गया, हमने टैंकर की स्थिति को ट्रैक कर लिया है। हमारी प्राथमिकता चालक दल को सुरक्षित बचाना और हमलावरों को उनके मंसूबों में नाकाम करना है। हम इसे वापस नियंत्रण में लेने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय कर रहे हैं।

## नेपाल सरकार ने 'राजनीति से प्रेरित' करीब 1500 नियुक्तियों को रद्द किया

काठमांड,( आरएनएस)। नेपाल की नयी सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर 1,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी.रिपोर्ट के मुताबिक, ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं.बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की. यह आम चुनाव सितंबर 2025 में 'जेनरेशन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों के लिए प्रयुक्त शब्द) विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर ''सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083''जारी किया. इस अध्यादेश के प्रभावी होने से नेपाल के प्रशासनिक, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हो गया है।

# अधिकारियों ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने श्यामपुर स्थित पवनपुंज वेयर हाउस, चरनाल स्थित मारुतिनंदन वेयरहाउस, महोड़िया स्थित ओम वेयरहाउस, कान्याखेड़ी स्थित पटेल वेयरहाउस, खजूरिया कला स्थित सीताराम वेयरहाउस, मानपुरा स्थित श्री कृष्णा वेयरहाउस, संग्रामपुर वेयरहाउस, पीलूखेड़ी स्थित गायत्री वेयरहाउस और टकीपुर स्थित वेयरहाउस सहित अनेक उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की और निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही केन्द्रों पर प्रतीक्षारत किसानों की तौल प्रक्रिया को तेज करने के लिए उपार्जन संस्थाओं को टोकन जारी करने तथा तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## 04 से 10 मई तक मनाया जाएगा अग्नि सुरक्षा सप्ताह

सीहोर (निप्र)। स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार देशभर में 04 से 10 मई तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष की अग्नि सुरक्षा सप्ताह की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ रखी गई है। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया द्वारा इस संबंध में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा, निगरानी एवं समुचित समन्वय तथा आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# अधिवेशन में प्रदेश भर से पहुंचे मात्र 100 से 150 दिव्यांग भाई बहन



सीहोर (निप्र)। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा सीहोर का अधिवेशन क्रिसेंट रिसोर्ट सीहोर में हुआ। जिसमें प्रदेश भर से मात्र 80 से 100 दिव्यांग भाई बहन उपस्थित हुए। संगठन में कई लोगों की उपेक्षा की जा रही थी। जिससे यहां स्थिति निर्मित हुईं। प्रदेश प्रभारी कमलेश राठौर ने बताया कि सीहोर में संगठन खड़ा करने वाली उमा चौरसिया जी की आंखों में आंसू आ गए। जबकि यदि पूरा कार्यक्रम का श्रेय गुलाब मेवाड़ा और सुखविंदर दांगी ले गए। आष्टा के लखन विश्वकर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष सुखविंदर 4 माह से आष्टा नहीं आए । मैंने उनसे मदद का बोला तो उन्होंने बोला कल फोन लगाना उन्होंने मदद नहीं हमे बुलाते हैं और वो नहीं आते गुलाब सिंह और सुखविंदर ने दानदाता से 25 मशीन ली शादी के एक कार्यक्रम में 15 सिलाई मशीन वितरित की थी। वाकी अधिवेशन में बोला था वो भी नहीं मिली। आयोजन में शामिल मुकेश यादव ने कहा दानदाता संगठन के खाते में पैसे नहीं डाले बल्कि सभी दिव्यांगों की मदद करे। दिव्यांग अभी भी घर से नहीं निकल रहा। संगठन को इस और ध्यान देना होगा। दानदाताओं को भी सभी लोगों की मदद करनी पड़ेगी तब तो लोग संगठन से जुड़ेंगे। एक या विशेष की मदद न होकर सबकी तरफ ध्यान देना होगा। मुकेश यादव, उमा चौरसिया ने कहा कि संगठन में चैनल बनवाने का काम सुखविंदर ने नहीं किया।

## *ओबीसी छात्रों की दिल्ली में पढ़ाई हुई आसान; दिल्ली छात्रगृह योजना का बढ़ा दायरा, सहायता राशि में 6.5 गुना की हुई बढ़ोत्तरी*

*सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ओबीसी वर्ग के कल्याण और उनके शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर ऐतिहासिक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में, कैबिनेट ने 2005 से संचालित दिल्ली छात्रगृह योजना में महत्वपूर्ण बदलावों को मंजूरी दी है। इसके तहत छात्रों को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि को 1,550 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। अब इन विद्यार्थियों को आवासीय और भोजन व्यवस्था के लिए सालाना 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। सहायता राशि के साथ-साथ योजना का दायरा बढ़ाते हुए लाभार्थियों की संख्या में भी वृद्धि की गई है। पहले जहां इस योजना के तहत प्रतिवर्ष अधिकतम 50 छात्रों को ही लाभ मिलता था, वहीं अब हर साल 100 नए विद्यार्थियों (50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर) को इस योजना में शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता होनी चाहिए। उनके माता-पिता या अभिभावक की वार्षिक आय पिछड़ा वर्ग मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति विनियम, 2013 (यथा संशोधित-2018) के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए।*



## *पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान को राज्यसभा भेजने की उठी मांग*

*सीहोर (निप्र)। आगामी राज्यसभा चुनावों को देखते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी असलम शेर खान को राज्यसभा भेजने की मांग जोर पकडने लगी है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि उनके जैसे अनुभवी और बेदाग छवि वाले प्रदेश के वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता की सदन में उपस्थिति वक्त की जरूरत है।पूर्व महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कुतुबुद्दीन शेख एवं पुस्तकालीय अध्यक्ष एडवोकेट दलित नेता श्रवण वास्तवार ने संयुक्त रूप से बताया कि असलम शेर खान न केवल एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ हैं, बल्कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का मान बढ़ाया है। 1975 के हॉकी विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के नायक रहे खान, दो बार सांसद रह चुके हैं और पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के कैबिनेट में प्रभावी केन्द्रीय मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी प्रशासनिक समझ और अल्पसंख्यक समाज के साथ-साथ हर वर्ग में उनकी गहरी पैठ को देखते हुए उन्हें उच्च सदन में प्रतिनिधि बनाने की मांग की जा रही है।*

# बढ़ते तापमान के दृष्टिगत लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी



सीहोर (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस संबंध में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी एवं उपचार के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों को आने वाले मरीजो की लू के लक्षणों की जांच करने, उचित प्रबंधन करने, ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने तथा वार्ड में शीतलता के लिए पंखों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि तेज धूप एवं ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण होता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे इलेक्ट्रोराइड का असंतुलन हो जाता हैं। उन्होंने बताया की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एक हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट बनाई जा रही हैं एवं गर्मी से संबंधित बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयां संस्थाओं में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कार्नर बनाए जा रहे हैं। संवेदनशील समूहों जैसे गर्भवती महिला, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिए भी अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाओं के निर्देश जारी किये गए है।

### लू से बचाव के लिए क्या करें

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि गर्मी के दौरान लू से बचाव के नियमित पानी पीते रहे। धूप में बाहर निकलते समय शरीर को सूती वस्त्रों से ढांक कर रखें और अखबारों एवं सोशल मीडिया पर आने वाले स्वास्थ्य संबंधी समाचारों का अवलोकन करें।

### क्या न करें

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि गर्मी के दौरान लू से बचाव के लिए दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच धूप में न निकलें, इस समय लू लगने की संभावना अधिक होती है। मदिरा, चाय, कॉफी इत्यादि का अत्याधिक सेवन न करें। कोई भी अधिक मेहनत का कार्य करते समय पर्याप्त पानी पीते रहें और डिहाइड्रेशन से बचें। बासे भोजन का सेवन न करें। भीड़भाड़ वाली जगाहों पर जाने बचें। इसके साथ ही लू के लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

## रामाखेड़ी में ढ़ोल नगाड़े के साथ निकली भव्य कलस यात्रा

सीहोर (निप्र)। ग्राम रामाखेड़ी में श्री एकादस कुण्डीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत ढोल नगाड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलस यात्रा का ग्रामीणजनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में हरिहर दास गुरु साहब फंदा के प्रमुख गुरुजन, यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे ,यज्ञ आचार्य पंडित मांगीलाल व्यास, कथावाचक निधि किशोरी, पंडित देवेंद्र आचार्य, पुजारी विष्णुदास व अन्य विप्रजनों, संतजनो की उपस्थिती में शिव परिवार पूजन, पंचाग पूजन,मंडप पूजन आदि कराया गया। कार्यक्रम मे प्रतिदिन कथावाचक निधि किशोरी के मुखारविंद से सगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया जा रहा है। शनिवार 9 मई को भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियो ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें ।



## एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 52 जोड़ों ने एक साथ दी आहुतियां




सीहोर (निप्र)। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुण्डिय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यहां पर यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में 52 जोडों ने एक साथ वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी। वहीं रात्रि को रामलीला का मंच किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, संत गोपाल, कमल पटेल, रामचरण, तुलसीराम, गजराज, विष्णु प्रसाद आदि शामिल थे।

यज्ञ के मुख्य यजमान सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि यहां पर शनिवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है। आगामी आठ मई तक किया जाएगा। पंडित श्री कटारे बाबा ने कहाकि यहां पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि वहीं रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कलाकारों के द्वारा रामकथा की लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है। इस मौके पर पंडित श्री कटारे ने कहाकि राम सारे समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। हम राम को तो मानते हैं, पर राम की नहीं मानते। भगवान राम ने भील, कोल, किरातों व अन्य वनवासियों को गले लगाया था, पर आज देश जातपात व संप्रदाय की आग में झूलस रहा है। राम ने पिता की आज्ञा को मान कर वनों में जाकर अपने 14 वर्ष बिताए थे। आज रामराज्य की कल्पना तो होती है, पर सत्ता में आने के लिए लोग सारे साधन अपनाते हैं। श्रीराम के त्याग से सीखने की आवश्यकता है। देश को विकास की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, बेरोजगारी, अशिक्षा, अन्याय व अभाव को दूर करने की आवश्यकता है। ऐसा तभी होगा, जब हम सभी श्रीराम की नीतियों का अनुसरण करेंगे। श्रीराम ने केवट को गले लगा कर मित्रता धर्म निभाया। उन्होंने राम के पिता की आज्ञा को मानने व राज का त्याग करने का वर्णन किया। पिता पुत्र के प्यार का वर्णन किया।

# कलयुग में सत्य ही सर्वोपरि है- व्यास वेद

## मंत्र उच्चारित कर की अग्नि स्थापना

सीहोर (निप्र)। वेद मन्त्र उच्चारित्र कर यज्ञ कुंड में अग्नि स्थापना की गई। विप्रजनों द्वारा शिव परिवार, गोमाता, देवता पूजन, नवग्रह पूजन आदि कराया गया। यजमानों ने यज्ञ कुंड में आहुति डालकर क्षेत्र में सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की। सोमवार को यज्ञ स्थल पर श्रीगणेश पूजन, देवता पूजन, हवन कर्म, प्रतिमा अभिषेक,अन्नाधीवास आदि यज्ञ कर्म किए जाएंगे। श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत श्रीमद् भागवत प्रवक्ता आचार्य पंडित बृजेंद्र व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा के दौरान सत्य की महिमा बतलाई। कथावाचक पंडित व्यास ने कहा कि इस कलयुग में सत्य ही सर्वोपरि है



इसलिए भगवान का एक रूप भगवान सत्यनारायण है हमें हमेशा सत्य को धारण करना चाहिए और सद्कर्म करते हुए भगवान का जप तप ध्यान पूजन करना चाहिए । आचार्य पंडित ओमप्रकाश शर्मा,,यज्ञ आचार्य पंडित अनिल शर्मा,पंडित प्रशांत तिवारी, पंडित प्रकाश शर्मा, पंडित कपिल शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, पंडित हरिओम शर्मा, पंडित सुनील शर्मा व अन्य विप्रजनों, संतजनों की उपस्थिति में शुक्रवार 8 मई को संत जनो की उपस्थिति में भगवान की नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । ग्रामवासियो ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें ।

## विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता, आदर्श राय ने खेली 70 गेंद पर 136 रन की पारी, नमन ने हासिल किए चार विकेट



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में गणेश टायर ने इंटीग्रिटी सल्युशन को 188 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में गणेश टायर की ओर से आदर्श राय ने 70 गेंद पर 18 चौके और छह छक्कों की मदद से 136 रन, राज कुशवाहा ने 55 गेंद पर 96 रन, आदित्य अग्रवाल ने 34 गेंद पर 82 रन, जितेन्द्र जायसवाल ने 28 रन, पूर्वेश 12 रन, इशान 14 रन बनाए थे। मैन आफ द मैच आदर्श राय रहे।डीसीए के मीडिया प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी गणेश टायर ने 39.2 ओवर में 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें सबसे अधिक रन आदर्श राय ने 136 रन बनाए थे। वहीं इंटीग्रिटी सल्युशन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल दुलारे मियां-दर्शिल समाधिया ने 3-3 विकेट, रोहन चंद्रवंशी-विपिन वर्मा और सक्षम ने एक-एक विकेट हासिल किए। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन की पूरी टीम 34.5 ओवर में 240 रन में सिमट गई।

## आज से आरंभ होगा श्रीराधेश्याम विहार कालोनी श्री लघु रुद्र यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

सीहोर (निप्र)। शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में क्षेत्रवासियों के तत्वाधान में श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को सुबह साढ़े नौ बजे कलश यात्रा के साथ इसकी शुरूआत की जाएगी। वहीं यात्रा के पश्चात प्रायश्चित हेमाद्री स्नान, पंचांग प्रारंभ एवं मंडप प्रवेश का आयोजन किया जाएगा।रविवार को पंडित जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि लगातार पांच दिनों तक चलने वाले महोत्सव की शुरूआत कलश यात्रा से होगी। वहीं मंगलवार को देवता आह्वान, अग्नि स्थापना, हवन प्रारंभ एवं भगवान का जलाधिवास, बुधवार को भगवान का अन्नाधिवास, गुरुवार को भगवान का दिव्य स्नान एवं श्यनाधिवास और शुक्रवार को मूर्ति स्थापना एवं पूर्णाहुति एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भव्य कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।



# वेयर हाऊस पर किसान हो रहे हैं परेशान, यह हालात सीधे-सीधे मोहन सरकार की नाकामी को कर रहा है उजागर -राजीव गुजराती



सीहोर (निप्र) सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा के जावर के वेयर हाऊस का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल के साथ औचक निरीक्षण किया, जहाँ पर जो हालात देखने को मिले, वो सीधे-सीधे मोहन सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। जब किसानों के बीच पहुंचे, तो सच्चाई बेहद दर्दनाक थी। किसानों का गेहूं पूरी तरह तैयार है, वेयर हाऊस तक पहुंच चुका है, लेकिन सरकार की अव्यवस्था के कारण तुलाई नहीं हो पा रही है। नतीजा यह है कि किसान 5-7 दिनों से अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लाइन में खड़े हैं।

2000 रोज किराया देकर किसान गेहूं लेकर आते हैं, लेकिन मोहन सरकार की व्यवस्था इतनी कमजोर है कि उनका माल समय पर तौल तक नहीं हो रहा। ऊपर से मौसम खराब—किसान डर में जी रहा है कि कहीं मेहनत की पूरी फसल खराब न हो जाए।क्या यही है किसान हितैषी सरकार? कांटों की कमी है, प्रबंधन शून्य है, और जिम्मेदार लोग सिर्फ कागजों में व्यवस्था सुधारने के दावे कर रहे हैं। मोहन सरकार को जवाब देना होगा किसानों को 7-7 दिन तक लाइन में क्यों खड़ा रखा जा रहा है? तुलाई के पर्याप्त कांटे क्यों नहीं लगाए गए? किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा?हम मांग करते हैं कि तुरंत अतिरिक्त कांटे लगाए जाएं। तुलाई की प्रक्रिया तेज की जाए। किसानों का माल एक ही दिन में तौला जाए। किसान परेशान है, और सरकार मौन है।

अगर शीघ्र ही व्यवस्था नहीं सुधरी, तो यह आवाज और बुलंद होगी। इस मौके पर सीहोर, आष्टा के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे।

**स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।**
**ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com**


मिल्क कैपिटल
बनने की दिशा में बढ़ते
मध्यप्रदेश के कदम
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
राज्य स्तरीय
दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
4 मई, 2026 | मेला ग्राउंड, ग्वालियर
समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
समृद्ध पशुपालक - समृद्ध प्रदेश
दुग्ध उत्पादन
• प्रतिदिन 10 लाख लीटर दुग्ध संकलन
• 26 हजार गांवों को जोड़कर 52 लाख लीटर प्रतिदिन संकलन का लक्ष्य
• 226 लाख टन वार्षिक दुग्ध उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर
दुग्ध प्रसंस्करण में वृद्धि
• इंदौर में प्रतिदिन 30 मीट्रिक टन क्षमता का दुग्ध चूर्ण संयंत्र प्रारंभ
• 5 वर्षों में दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों में ₹ 3034 करोड़ का निवेश
• 153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित
नस्ल सुधार एवं स्वास्थ्य
• हिरण्यगर्भा अभियान से नस्ल सुधार
• गोरस मोबाइल ऐप से संतुलित पशु आहार की जानकारी एवं मोबाइल पशु चिकित्सा
• पशु प्रजनन, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि
दुग्ध समितियां
• वर्तमान में 7000+ ग्रामीण दुग्ध सहकारी समितियां कार्यशील
• 1752 नयी दुग्ध सहकारी समितियां गठित
निराश्रित गौ-वंश प्रबंधन
• निराश्रित गौ-वंश के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 6000+ एकड़ भूमि आवंटित
• गौ-शाला निर्माण में निजी भागीदारी
उन्नत तकनीक उत्पादन
• पशु चारा संयंत्रों का आधुनिकीकरण और निर्माण
• डेयरी वैल्यू चैन का डिजिटलीकरण
मध्यप्रदेश में पशुपालकों की आय वृद्धि के लिए दुग्ध उत्पादन और संकलन बढ़ाने, उन्नत नस्ल के पशु तैयार करने और आत्मनिर्भर गौ-शालाओं तथा निराश्रित गौ-वंश के स्थायी आश्रय जैसे हमारे प्रयासों से वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश को देश की मिल्क कैपिटल के रूप से जाना जाएगा।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11015/26